इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -188 राजनांदगांव, रविवार 26 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# राजकोट के गेम जोन में आग, 27 की मौत: मरने वालों में 12 बच्चे

गुजरात। गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लग गई। इसमें 27 लोगों की जलकर मौत हो गई। आग की घटना के बाद पूरा गेम जोन जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की करीब 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ ही आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। वहीं, पुलिस ने मामले में एक्शन लेते हुए मालिक, संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

राजकोट के पुलिस कमिश्नर राजू भार्गव ने कहा कि दोपहर में टीआरपी गेमिंग जोन में आग लग गई। बचाव अभियान जारी है। आग पर काबू पा लिया गया है। हम अधिक से ज्यादा शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक करीब 22 शव बरामद किए गए हैं और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है। गेमिंग जोन का मालिक युवराज सिंह सोलंकी नाम का व्यक्ति है। हम लापरवाही और हुई मौतों के लिए केस दर्ज करेंगे। यहां बचाव अभियान पूरा होने के बाद आगे की जांच होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, आग इतनी भीषण थीं कि इसका धुआं 3 किलोमीटर दूरी से दिखाई दे रहा था। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि



## चश्मदीद बोला- कचरे से आग भड़की, 30 सेकंड में फैल गई

आग लगने की क्या वजह थी। फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि एक ढांचा ढह जाने के कारण उन्हें राहत कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम जल्द से जल्द लोगों का रेस्क्यू करने की कोशिश में लगे हुए हैं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, राजकोट में आग दुर्घटना से बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने भी जताया दुख

गुजरात के राजकोट में एक गेमिंग जोन में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदना उन परिवारों के साथ है जिन्होंने अपने बच्चों सहित अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि बचाए गए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### सीएम ने दिए बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश

इस बीच, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने नगर निगम और प्रशासन को आग की घटना में तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। भूपेंद्र पटेल ने एक्स पर पोस्ट किया, राजकोट के गेम जोन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव, निर्वाचन आयोग ने दिया ये संकेत

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से उत्साहित चुनाव आयोग बहुत जल्द वहां विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेगा।




उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग इस योग्य हैं कि वहां उनकी अपनी सरकार हो। जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत और क्या विधानसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं, इस सवाल का जवाब देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि संसदीय चुनाव में लोगों की भागीदारी से चुनाव आयोग बहुत उत्साहित है।

### लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही- राजीव कुमार

उन्होंने कहा, यह (मेरे) कानों के लिए संगीत की तरह है। युवा, महिलाएं खुशी से बड़ी संख्या में (मतदान करने) आ रही हैं। लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही हैं। लोग चुनाव में भाग ले रहे हैं। वे अपनी सरकार के लायक हैं। हम बहुत जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऐसा करने के लिए हम बहुत उत्साहित हैं।

### विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना व्यावहारिक नहीं

मार्च में लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा करते हुए राजीव कुमार ने कहा था कि सुरक्षा और अन्य कारणों से विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना व्यावहारिक नहीं है। अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद वहां पहली बार विधानसभा का चुनाव होगा।

जम्मू-कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती

जम्मू-कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया आमतौर पर एक महीने तक चलती है। परिसीमन के बाद गुलाम जम्मू-कश्मीर को आवंटित सीटों को छोड़कर विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई है।

# क्या पीएम मोदी 2047 तक शाश्वत रहेंगे, खड़गे के बयान पर भड़की बीजेपी कहा- नफरत का सामान बेचती है कांग्रेस

कलबुर्गी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान से भाजपा भड़क गई है। उन्होंने कहा कि क्या पीएम मोदी 2047 तक शाश्वत रहेंगे। भाजपा ने उसके बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नफरत का सामान बेचती है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्होंने 2047 की योजना तैयार कर ली है। क्या वह 2047 तक शाश्वत रहेंगे? कभी वह समुद्र के अंदर जाते हैं, कभी वह गंगा के अंदर जाते हैं, कभी वह गुफाओं में जाते हैं। मुझे नहीं पता कि उन्हें अपने ध्यान का फल मिलेगा या नहीं। मेरा मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपना पेट तभी भर सकता है, जब वह अच्छे काम करेगा। बुरे कर्म करोगे तो परिणाम बुरा ही मिलेगा। मैं जहर से दूर रहने को कहूं, लेकिन कोई फिर भी उसे चाट लें तो उसका क्या होगा। पीएम मोदी ऐसे ही हैं।

### मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर बीजेपी की प्रतिक्रिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर बीजेपी नेता शाजिया इल्मी ने कहा कि आज अपने बयान में खड़गे जी ने कहा है कि क्या पीएम मोदी जिंदी भी रहेंगे। ये वो पार्टी है जो 'मोहब्बत की दुकान' की बात करती है, लेकिन 'मोहब्बत की दुकान में' नफरत का सामान बिकता है।

बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि एक तरफ भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का पीएम मोदी का मिशन और विजन है। दूसरी तरफ कोई मिशन या विजन नहीं, सिर्फ भ्रष्टाचार है। वे पीएम मोदी के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह 'मोहब्बत की दुकान' में 'नफरत का समान' रखती है।

बीजेपी नेता नलिन कोहली ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी इस तथ्य से निपटने में असमर्थ है कि पीएम मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सकारात्मक एजेंडे पर चल रहे हैं। अगर पीएम मोदी 'मां गंगा' से प्रार्थना कर रहे हैं, क्या यह कोई व्यक्तिगत टिप्पणी करने जैसा है? इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी पर ये व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रही है, क्योंकि उनके पास बोलने के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है।

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

# सबसे बड़ी बारूद फैक्ट्री में जोरदार धमाका, दस लोगों की मौत की खबर; कई लोग मलबे में दबे

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बड़ा घटना हुई। यहां बेरला के बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। धमाके में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रशासन की टीम रेक्स्यू कर रही है। दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरसी स्थित बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। घटना आज सुबह की है। बारूद फैक्टरी में ब्लास्ट की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। इससे आस-पास के गांव के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए हैं। धमाके के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। उधर, घटना के तीन घंटे के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। घायलों में से सात लोगों को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं रायपुर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भी मरीजों को भर्ती कराया गया है। बेमेतरा कलेक्टर ने बताया कि मौके पर एसडीएम पहुंचे हैं कुल कितने लोग घायल हुए हैं अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। उन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां पर ब्लास्ट हुआ है वहां पर 15 से 20 लोग काम करते हैं। कंपनी में बारूद का काम होता था। ब्लॉस्ट के बाद कर्मचारी बाहर की तरफ भागे। वहीं फैक्टरी का मलबा यानी सीमेंट के टुकड़े दूर तक गिरे हैं। कुछ लोग मलबा में दबे होने की आशंका है।

बेरला एसडीएम पिंकी मनहर ने बताया कि प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है। राहत और बचाव कार्य जारी है। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को एंबुलेंस से रायपुर भेजा गया है। इनमें एक की मौत हो गई है। छह का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू कार्य जारी है। एसडीएम ने आधिकारिक तौर पर आठ लोगों के मौत की पुष्टि की है, रेस्क्यू पूरा होने के बाद ही बता पाएंगे कुल कितने लोगों की मौत हुई है और कितने लोग घायल हुए हैं।

### हादसे का कारण स्पष्ट नहीं- कलेक्टर

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि हादसा का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मौके पर एसडीआरएफ की टीम आ रही है। मलबे को हटाया जाएगा। फैक्टरी के मैनेजमेंट से चर्चा जारी है। फैक्टरी में काम करने वाले सभी मजदूरों की जानकारी मांगी गई है। उन्होंने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

### भूपेश बघेल ने घटना पर उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच : सीएम साय ने दिये आदेश, परिजनों को मिलेगा मुआवजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बोरसी गांव बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मृतकों के प्रति शोक संवेदना जताते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने सहायता राशि देने की घोषणा की है। हादसे में मृतक के परिजनों को पांच लाख और घायलों को पचास हजार रुपये मदद करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इस हादसे की दंडाधिकारी जांच के आदेश दिये हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर में मेकाहारा अस्पताल में लाया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी की जा रही है।

साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट मामले के दंडाधिकारी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दुर्घटना में हुई मौत पर मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए एवं घायलों को पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता देने के आदेश भी दे दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए रायपुर लाया जा रहा है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी की जा रही है। ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

इससे पूर्व सीएम ने ट्वीट कर लिखा कि बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट मामले के दंडाधिकारी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दुर्घटना में हुई मौत पर मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए एवं घायलों को पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वाइस एडमिरल सिंह ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट का कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली। वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने शुक्रवार को पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट का कार्यभार संभाल लिया।



वाइस एडमिरल सिंह को वाइस एडमिरल अजय कोचर के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (खड़कवासला) के पूर्व छात्र रहे वाइस एडमिरल सिंह को एक जुलाई 1990 को नौसेना में नियुक्त किया गया था।

वाइस एडमिरल सिंह अपने लंबे कैरियर के दौरान समुद्र और तट दोनों स्थानों पर कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। तोप और मिसाइलों के विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने नौसेना के युद्धपोतों रंजीत और प्रहार पर काम किया है। उन्होंने आईएनएस विद्युत और आईएनएस खुकरी जैसे युद्धपोतों की कमान भी संभाली है। वह आईएनएस द्रोणाचार्य (गनरी स्कूल) में प्रशिक्षक और नौसेना युद्ध कॉलेज, गोवा के डिप्टी कमांडेंट रहे हैं।

वाइस एडमिरल सिंह ने 29 नवंबर 2022 को नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाला। गत 24 जनवरी को वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नत होने पर, ध्वज अधिकारी को नियंत्रक कार्मिक सेवा के रूप में नियुक्त किया गया, जिसमें कर्मियों और नौसेना समुदाय की कामकाजी स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न पहल की गईं।

वाइस एडमिरल सिंह के नेतृत्व में, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को संचालन, प्रशिक्षण और मानव संसाधन प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में उनके विशाल अनुभव और अनुभव से काफी लाभ मिलेगा।

# गौवंश अभ्यारण्य योजना लाएगी साय सरकार

पेज 1 (25 मई 2024- फोटो- विष्णु देव साय)

0 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश



रायपुर (दावा)। सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गौवंशों की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए साय सरकार प्रदेश में गौवंश अभ्यारण्य योजना ले कर आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को इस संदर्भ में कार्ययोजना बनाने के आवश्यक निर्देश दिए हैं।

राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से गौवंश अभ्यारण्य संचालित करने की योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंश को न केवल नियमित आहार मिल सकेगा वरन् उनकी उचित देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी। गौवंश अभ्यारण्य पशुधन के लिए उचित रहवासी वातावरण से परिपूर्ण होगा।

गौरतलब है कि सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन न केवल यातायात के लिए बाधा बन रहे हैं वरन् आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। भूख से बेहाल पशुधन द्वारा कूडा-कचरा एवं प्लास्टिक खाने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गौवंश अभ्यारण्य योजना इसे रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि ठोस कार्ययोजना के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य ले कर प्रदेश में स्वामी विहीन पशुधन के लिए गौवंश अभ्यारण्य की रूप रेखा बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रस्तावित योजना लागू होने पर न केवल सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंशों को नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी वरन दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 2006 तक हुए भू-अधिग्रहण को रखा बरकरार, हाई कोर्ट के आदेश को किया रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 1957 से 2006 के बीच दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा है। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के नियोजित विकास के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की थी। ऐसी अधिग्रहण प्रक्रियाओं के लाभार्थी डीडीए,



डीएसआईआईडीसी और डीएमआरसी जैसी विभिन्न राज्य संस्थाएं थीं, जिन्हें आवास योजनाओं, औद्योगिक क्षेत्रों, फ्लाईओवर और दिल्ली मेट्रो जैसी विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि की आवश्यकता थी।

### मुआवजा तय करते हुए आदेश पारित किए

शीर्ष अदालत ने कहा, तदनुसार, 1957-2006 की लंबी अवधि में इन जमीनों को प्राप्त करने के लिए 1894 अधिनियम की धारा चार और छह के तहत विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की गईं और 1894 अधिनियम की धारा 11 के तहत मुआवजा तय करते हुए आदेश पारित किए गए।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 17 मई को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 'भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण शक्तियों का प्रयोग किया

इन मामलों में पूर्ण न्याय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीठ ने निर्देश दिया, 2013 अधिनियम की धारा 24(2) के प्रविधानों के संदर्भ में नई अधिग्रहण कार्यवाही शुरू करने की समयसीमा एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है जो एक अगस्त, 2024 से शुरू होगी। इसके पश्चात कानून के मुताबिक भूस्वामियों को मुआवजे का भुगतान किया जा सकता है, ऐसा नहीं करने पर परिणाम भी कानून के अनुसार होंगे।

# छठे चरण में मतदान 59 प्रतिशत से अधिक

नयी दिल्ली। भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केन्द्रों पर मतदाताओं के बीच छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक औसतन 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ।



चुनाव आयोग के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चले मतदान में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत वोट डाले गये जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कई गणमान्य लोगों ने दिल्ली के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वोट डाले।

जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भारी सुरक्षा के बीच 52.28 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला, जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया था। वहां मतदाताओं में लंबे समय बाद संसदीय चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा गया और कई केन्द्रों पर शाम तक मतदाताओं की कतारें देखी गयीं, जिनमें महिलायें भी शामिल थीं।

आयोग के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 53.30, हरियाणा में 58.27, झारखंड में 62.74, दिल्ली में 54.48 और ओडिशा में 60.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। विभिन्न जगहों पर कई मतदान केन्द्रों में सुबह मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल के कुछ मतदान केन्द्रों और जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में एकाध स्थान पर कुछ गुटों के बीच हल्की झड़प की घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं को गर्मी से राहत के लिये मतदान केन्द्रों पर शामियानों और पेयजल आदि की सुविधायें प्रदान करायी हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### छठे चरण में मतदान का प्रतिशत

| राज्य/केंद्रशासित प्रदेश | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| बिहार | 53.42 |
| हरियाणा | 58.37 |
| जम्मू-कश्मीर | 52.28 |
| झारखंड | 62.87 |
| दिल्ली | 54.48 |
| ओडिशा | 60.07 |
| उत्तर प्रदेश | 54.03 |
| पश्चिम बंगाल | 78.19 |

# जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 33 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया समर्पण



- गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत आरपीसी पुसनार, डुमरीपालनार के जनताना सरकार सदस्य एवं अन्य शाखाओं के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने किया समर्पण
- ग्राम दुगोली, करका एवं हिरोली से माओवादी संगठन के विभिन्न पदों में सक्रिय माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण
- माओवाद से हुआ मोहभंग, मुख्यधारा से जुड़कर, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन यापन करने पुलिस के समक्ष किया समर्पण
- 3 माओवादियों पर है 5 लाख का ईनाम घोषित

दंतेवाड़ा। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ एवं 202, 210 केरिपु 85, 222वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 25 मई को उप महानिरीक्षक केरिपु, बीजापुर एस.के. मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ.जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वी बटालियन केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट, 85वी बटालियन केरिपु व्ही. तुसिंग, कमांडेंट कोबरा अमित कुमार, कमांडेंट 210 कोबरा अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स वैभव बैंकर, चन्द्रकांत गवर्ना, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैरमगढ़ तारेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

1. राजू हेमला ऊर्फ ठाकुर पिता पाण्डु हेमला उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरसागुड़ा बीरागुड़ापारा थाना बासागुड़ा पदनाम - पीएलजीए बटालियन नम्बर-1 का पार्टी सदस्य, ईनाम राशि 2 लाख। 2. सामो कर्मा ऊर्फ रनिता पिता भीमा कर्मा उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम- कंपनी नम्बर 05, प्लाटून नम्बर 01 ए सेक्शन पार्टी सदस्या, ईनाम राशि 2.00 लाख रूपये। 3. सुदरू पुनेम ऊर्फ हिरोली सुदरू पिता भोस्कू पुनेम उम्र 30 जाति मुरिया निवासी हिरोली गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम पुसनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम राशि 1.00 लाख रूपये। 4. सुखराम माडवी पिता सन्नू उम्र 35 वर्ष, जाति मुरिया, निवासी केशामुण्डी थाना भैरमगढ़, पदनाम- जनताना सरकार सदस्य/मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर। 5. सुरेश कुंजाम पिता मासा कुंजाम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम-भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर। 6. आयतु पुनेम ऊर्फ डोगुम पिता सोमा पुनेम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम- पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन डिप्टी कमाण्डर। 7.रमेश पुनेम उर्फ पोजा पिता बुधराम पुनेम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली सरपंचपारा थाना गंगालूर, पदनाम-ग्राम हिरोली भूमकाल मिलिशिया सी सेक्शन कमाण्डर। 8. पायकू मरकाम पिता हिडमा मरकाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर, पदनाम- डुमरीपलनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून बी सेक्शन कमाण्डर। 9. आयतु कुंजाम पिता मासा कुंजाम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर,पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर। 10. मंगल पुनेम ऊर्फ करका पिता बुधु उम्र 41 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली सरपंचपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम हिरोली भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर।

मासा सोडी पिता अंदा सोडी उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका मंजारीपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया बी सेक्शन कमाण्डर। 12. रेनू पुनेम पिता सुक्कु पुनेम उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली सरपंचपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम हिरोली जीआरडी कमाण्डर। 13. राजू तामो ऊर्फ पाण्डू पिता हुंगा तामो उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी जनतान सरकार सदस्य/आर्थिक शाखा अध्यक्ष। 14.अर्जुन कर्मा ऊर्फ पिडिदेड पिता गुडडी कर्मा उम्र 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष। 15. हुर्रा कर्मा ऊर्फ बोटी पिता गुडडी कर्मा उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य। 16. सुखराम कर्मा ऊर्फ मासा पिता लखमा कर्मा उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी सदस्य/डॉक्टर शाखा सदस्य। 17. संजय तामो ऊर्फ खुटा पिता हुंगा तामो उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुगोली थाना गंगालूर पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य। 18. छोटू पुनेम ऊर्फ बग्गा पिता सुक्कु पुनेम उम्र23 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली सरपंच पारा थाना गंगालूर पदनाम- पुसनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/न्याया शाखा सदस्य, 19.पोदिया पुनेम ऊर्फ कुकल पिता मंगु पुनेम उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम- पुसनार आरपीसी डीएकेएमएस कमेटी सदस्य। 20. मंगडू मरकम ऊर्फ मोंगडु पिता लखमा मरकाम उम्र 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य। 21. जटिया मरकाम पिता सोमडू मरकाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका पटेलपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिय सदस्य। 22. बुधराम ताती पिता भीमा ताती उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका पटेलपारा थाना गंगालूर, पदनाम- डुमरीपालनार आरसीसी डीएकेएमएस सदस्य। 23. मासा मरकाम पिता कमलू मरकाम उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया करका इंदडपारा थाना गंगालूर पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य। 24. राजू मरकाम पिता माडको मरकाम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य।

भीमा मरकाम पिता मंगू मरकाम उम्र 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य। 26. भीमा मरकाम पिता हुंगा मरकाम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका छिंदपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, 27. देवा माडवी ऊर्फ बोमड़ा पिता हिड़मा माडवी उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका पटेलपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य। 28. कुमार सोढी पिता जटिया सोढी उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका मंजारीपारा थाना गंगालूर पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिशिया सदस्य। 29. जोगा मरकाम पिता बामन मरकाम उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका मंजारीपारा थाना गंगालूर, पदनाम-ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य। 30. हिड़मा मरकाम पिता हड़मा मरकाम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य। 31. सोना मरकाम पिता पाण्डु मरकाम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका पटेलपारा थाना गंगालूर, पदनाम- ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य। 32. शंकर मरकाम पिता मंगेल मरकाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी करका इंदडपारा थाना गंगालूर, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य। 33. बुदरी कारम ऊर्फ बैयमे पिता स्व0 कोवा कारम उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम- पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य।

### राजू हेमला ऊर्फ ठाकुर, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण

वर्ष 2007 से कोरसागुडा बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। वर्ष 2008 से 2009 तक डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य किया, वर्ष 2010 में कृषि शाखा का कार्य दिया गया । वर्ष 2013 से 2021 तक कोरसागुडा आरपीसी में मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर के पद पर संगठन में कार्य किया। वर्ष 2022 में पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 में पार्टी सदस्य की जवाबदारी दी गई । उक्त पद पर 2.00 लाख का ईनाम घोषित है।

### महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल -

वर्ष 2013 में सारकेगुड़ा से तर्रेम के बीच मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल, वर्ष 2016 में बासागुड़ा पोटाकेबिन के पास आईईडी लगाने की घटना में शामिल, वर्ष 2016 में तर्रेम सिलगेर के बीच मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल, वर्ष 2018 में चिन्नातर्रेत में ग्रामीण की हत्या में शामिल, वर्ष 2018 में ग्राम चिन्नातर्रेत में जनअदालत में ग्रामीण की हत्या में शामिल, वर्ष 2023 में कोरसागुडा के ग्रामीण की हत्या में शामिल।

### 02. सामो कर्मा ऊर्फ रनिता, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-

वर्ष 2010 में पीडिया एलओएस में पीएलजीए सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुई। वर्ष 2012 में कंपनी नम्बर 05 के प्लाटून नम्बर 01 में पार्टी सदस्या के पद का कार्य दिया गया। संगठन में सिंगल शॉट बंदूक रखती थी। उक्त पद पर 02.00 लाख का ईनाम घोषित है।

### महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल-

वर्ष 2019 में मेसपुर के जंगल में पुलिस व माओवादियों के बीच हुए मुठभेड 01 जवना शहीद, वर्ष 2019 में कैम्प मोहला से निकली पुलिस पार्टी पर एम्बुश लगाकर हमला, मई 2019 को रावघाट क्षेत्र में ग्राम आलपरख के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड में शामिल, जून 2023 में मानकोड जिला नारायणपुर के जंगल में पुलिस पार्टी के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल,

03. सुदरू पूनेम ऊर्फ हिरोली सुदरू, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण- वर्ष 2008 में संगठन में गंगालूर एरिया कमेटी पुसनार आरपीसी में सीएनएम सदस्य के पर भर्ती हुआ । वर्ष 2008 से 2012 तक पुसनार आरीपीसी में सीएनएम सदस्य के पद पर संगठन में कार्य दिया गया । वर्ष 2014 में हिरोली डीएकेएमएस कमेटी का सदस्य बनाया गया। वर्ष् 2016 में पुसनार आपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर का कार्यभार दिया गया। वर्ष 2019 में पुसनार आरपीसी में जनताना सरकार अध्यक्ष का कार्य दिया गया। उक्त पद पर 01.00 लाख रूपये का ईनाम घोषित है।

### महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल -

वर्ष 2016 में गदामली से कैका जाने वाली रोड पर जगह जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल, वर्ष 2016 में मिरतुर चेरली मार्ग पर रोड निर्माण कार्य में लगे पुलिस पार्टी पर एम्बुश लगाकर हमला किया गया जिसमें 02 जवान शहीद हुए, वर्ष 2017 में चेरली कैम्प पर हमला, वर्ष 2018 में बैलाडीला एनएमडीसी के 05 ट्रक में ग्राम पारपोड के पास रोककर आगजनी की घटना में शामिल, वर्ष 2019 में गंगालूर पुसनार मार्ग पर जगह जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल, वर्ष 2020 में गंगालूर पुसनार मार्ग पर जगह जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल

### संगठन छोड़ने का कारण -

संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर एवं छ.ग. शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000 रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

# शहीद कांग्रेस नेताओं के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता: कुलबीर



- शहर कांग्रेस ने झीरम घाटी के शहीदों को पुष्पाजंलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए
- पोस्ट आफिस चौक पर स्थित शहीद उदय मुदलियार व शहीद अलानूर भिंडसरा के आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा वर्ष 2013 में पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी जिसे आज ही के दिन 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में शीर्ष नेताओं के काफिलें पर नक्सलियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग से छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की शहादत हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 मई शनिवार को स्थानीय कामठी लाइन स्थित कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर झीरम घाटी के शहीद नेताओं के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा प्रदेश के विकास में इनके अमूल्य योगदान को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार, शहीद अलानूर भिडंसरा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में झीरम घाटी में हुए शहीद कांग्रेसी नेताओं की याद करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने झीरम के वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाएं। तत्पश्चात स्व.नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व.उदय मुदलियार, स्व.अलानूर भिंडसरा के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

महापौर हेमा देशमुख ने संबोधित करते हुए कहा तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में 2013 में परिवर्तन यात्रा निकाली जिसमें बस्तर में परिवर्तन रैली में वापसी के दौरान झीरम घाटी में वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा, राजनांदगांव के नेता शहीद उदय मुदलियार सहित 32 लोग शहीद हो गए। आज उन शहीद नेताओं को याद कर उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का हम कांग्रेसजन संकल्प लेते है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर ने दिवंगत नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि 25 मई 2013 को परिवर्तन रैली खत्म होने के बाद झीरम घाटी के पास कांग्रेस नेताओं का काफिला पहुंचा उन पर नक्सलियों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग कर हमारे कई दिग्गज नेताओं की जान ले ली थी। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा सहित राजनांदगांव कांग्रेस की शान कहलाने वाले हमारे प्रिय नेता व बस्तर प्रभारी स्व.उदय मुदलियार, अलानूर भिंडसरा शहीद हो गए। उन सभी नेताओं व सुरक्षाकर्मियों शहीदों को मैं श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं।

शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी जिसमें 25 मई के दिन बस्तर के झीरम घाटी में प्रदेश के तत्कालिन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, अलानूर भिंडसरा सहित 32 लोग इस नक्सली हमले में शहीद हो गए थे, उनकी इस कुर्बानी को कांग्रेस परिवार सदैव स्मरण रखेगा। जिले के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार का असमय जाना कांग्रेस ही नहीं पूरे जिले के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता स्व.उदय भैया कुशल के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि राजनांदगांव के वे एक ऐसे विधायक थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य एवं मध्यप्रदेश दोनों राज्य की विधानसभा को सुशोभित किया था।

इसी प्रकार शहीद अलानूर भिंडसरा ने कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में अपनी सेवा दी। मैं इन्हें अपनी ओर से शत-शत नमन करता हूं। तत्पश्चात गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद स्व.उदय मुदलियार व अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई और कांग्रेसजनों ने स्व.उदय मुदलियार, स्व. अलानूर भिंडसरा अमर रहे के नारे लगाएं।

संगोष्ठी सभा को पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश राठौर ने संबोधित किया।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, कुतबुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहिनी सिन्हा, अब्दुल कलाम, फरमान अली, मोहसिन कुरैशी, सुनील पिल्ले, भारत भूषण शर्मा, भोला यादव, जितेश सिमनकर, अतुल शर्मा, मामराज अग्रवाल, एजाजूर रहमान, गोपीचंद गायकवाड़, योगेन्द्र प्रताप सिंह, बबलू कसार, नारायण सोनी, संजय साहू, धर्मेन्द्र साहू, चेतन सिन्हा, शैलेद्र ठावरे, सुरेन्द्र गजभिये, विनोद यादव, विष्णु सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, छत्रपाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज की टीम तैयार



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का 43 वे महाधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ जिसमे अरुण कुमार सूर्यवंशी निर्वाचित हुए थे। विगत दिनों अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज के केंद्रीय भवन राजनांदगांव में पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष मिलन सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया जिसमे पिछले 11 वर्षो के आय व्यय प्रधान सचिव अजय चंदेल के द्वारा रखा गया इसके साथ साथ महासभा में हुए आय व्यय की जानकारी दी गई सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओ ने प्रस्तुत ब्यौरे को पारित किया गया। तत्पश्चात नव निर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सूर्यवंशी को पद का शपथ दिलाया गया

समस्त स्वजातीय बंधुओं के अनुरोध और मांग पर केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन करने केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सूर्यवंशी को जिम्मेदारी दी गई उनके द्वारा समस्त क्षेत्रो से पदाधिकारी लेने की बात सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओ के समक्ष रखा गया सर्वप्रथम सभी क्षेत्रों के सदस्यों का नाम रखा गया। नामों पर सभी का समर्थन मिलने के पश्चात क्रमवार एक एक पद पर एक-एक नाम प्रस्तावित किया गया। संरक्षक दिलेश्वर सिंह क्षत्रिय ग्राम सागनी नंदलाल गौतम चिचोला मिलन सिंह भालू कोन्हा।

उपाध्यक्ष - शंभू नाथ भाटा पारा, दामोदर सिंह मुरमुंडा, रिखी क्षत्रिय संबलपुर, हीरालाल भार्गव टाटा नगर। प्रधान सचिव- तोरण सिंह वर्मा बहीगांव। कोषाध्यक्ष- विजय सिंह क्षत्रिय भिलाई, सचिव- राजेश तोमर राजनांदगांव। उपसचिव- लक्ष्मी नारायण जामुल, चेतन सिंह कसडोल, लोमन सिंह कोंडागांव, मनीष क्षत्रिय, रायपुर। संगठन मंत्री- श्रीमती शांति ठाकुर, नारायणपुर, हेमंत ठाकुर कुशलवारा, मकसूदन क्षत्रिय पारपोडी, मनहरण कौशिक, गंडई। प्रचार मंत्री-विजय चंदेल छुईखदान, नारायण क्षत्रिय बिलासपुर, गिरेंद्र सिंह उतई, रामकुमार पटेल दुर्ग। प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य- अजय चंदेल खुर्सीपार, तरण सिंह कुम्हारी बलोदाबाजार, मनीष पटेल दुर्ग, सुरेश तोमर भिलाई, सुरेश वर्मा भिलाई, कुशाल सिंह गर्ग जामुल, गिरधर सिंह टाटानगर, दुर्गेश तोमर राजनांदगांव, खेमलाल सलोनी, गोवर्धन सिंह नागपुर, भारत भूषण बोरी, विजय सिंह सलोनी, रोहित सिंह भिलाई, रूपसिंह सूर्यवंशी मुड़बहादुर, शैलेंद्र क्षत्रिय चिचोला, अमर सिंह दुर्ग। मीडिया प्रभारी- सुरेश देवराज राजनांदगांव। विधिक सलाहकार, रमन सिंह दुर्ग, शैलेंद्र नागवंशी राजनांदगांव। प्रमुख सलाहकार - नंदकुमार कश्यप भिलाई। समस्त पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित स्वजातीय बंधुओ के द्वारा सहमति प्रदान करने के पश्चात पद का शपथ दिलाया गया।

केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सूर्यवंशी ने सभी क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देकर समाज को विस्तार और मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया है समस्त स्वजातीय बंधुओं के साथ तालमेल बनाने का भी प्रयास किया। इन्होंने समस्त स्वजातीय बंधुओं को भरोसा दिलाया की अपना शत प्रतिशत समाज के उत्थान, प्रगति के लिए प्रयासरत रहूंगा तथा अपने केंद्रीय पदाधिकारियों से उम्मीद किए की वो भी अपना शत प्रतिशत समाज हित पर केंद्रित रहे। उक्त अवसर पर समस्त क्षेत्रों के पदाधिकारी, वरिष्ठजन और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश देवराज ने दी ।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
25th to 30th May 2024
Silver Screen




Furiosa A Mad Max Saga (Hindi) - 06:30 & 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
Bhaiyya Ji (Hindi) - 12:15 and 03:15 pm
Shrikanth - 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

347-4  147-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202405093700021 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण कन्नौजे आ. स्व. महावीर प्रसाद कन्नौजे, निवासी सोनारपारा, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक-65, 73], क्षेत्रफल 366.00 वर्गमीटर जो धारकगण विष्णु, महेश कुमार, नारायण आ. स्व. महावीर प्रसाद, सरिता आ. स्व. महावीर प्रसाद, प्रेमलता ध.प. स्व. महावीर प्रसाद, ना.बा. सिमरन वो ना.बा. अनामिका आ. स्व. गणेश, पालक माता वो खुद ज्योति घ.प. स्व. गणेश, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक प्रेमलता ध.प. स्व. महावीर प्रसाद की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर ना.बा. अनामिका, ना.बा. सिमरन को बालिग किया जाकर शेष सहधारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय मैं आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 05.06.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बजरंगपुर नवागांव, प.ह.नं. 35, रा.नि. मं. मोतीपुर, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर- 133/46 रकबा 0.07 एकड़ भूमि मय मकान जिसे श्रीमती सरोज साहू, स्व. गौतम साहू एवं मेरी पक्षकारा के पति स्व. कमलेश साहू के द्वारा अपनी स्वअर्जित आय से संयुक्त रूप से बजरिये पंजीकृत विक्रय पत्र क्रय किया गया था तथा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं राजस्व अभिलेखों में (1) श्रीमती सरोज साहू पति सीताराम साहू (2) कमलेश साहू पिता सीताराम साहू (3) गौतम साहू सीताराम साहू का नाम दर्ज रहा है। भूमिस्वामी कमलेश साहू एवं गौतम साहू की मृत्यु उपरान्त उनके वारिसानों में दोनो भूमिस्वामी की विधवा पत्नी का नाम सम्पत्ति के समस्त अभिलेखों में दर्ज करवाया जाना शेष था किन्तु श्रीमती सरोज साहू पति श्री सीताराम साहू एवं उनकी पुत्री देवकुमारी साहू के द्वारा आपस में दुर:भिसंधि एवं सांठगांठ कर मिथ्या आधारों पर मृत भूमिस्वामीगण कमलेश साहू पिता सीताराम साहू एवं गौतम साहू पिता सीताराम साहू का नाम राजस्व अभिलेखों में से विलोपित करवाकर उपरोक्त सम्पत्ति की एकमात्र भूमिस्वामी होना बताते हुए श्रीमती सरोज साहू के द्वारा श्रीमती देवकुमारी साहू पिता सीताराम साहू, पति बसंत साहू के पक्ष में दानपत्र निष्पादित कर मेरी पक्षकारा के हिस्से की सम्पत्ति को हड़पने हेतु प्रयासरत है। जिसके विरूद्ध मेरी हितार्थ पक्षकारा के द्वारा अतिशीघ्र आवश्यक कानूनी/न्यायालयीन कार्यवाही संस्थित किया जाना है।

अतएव समस्त आम जन, शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय, बैंक, निजी संस्था आदि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति से संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करें और यदि किया जाता है तो वह मेरी हितार्थ पक्षकारा श्रीमती उषा साहू पति स्व. कमलेश साहू पर बंधनकारी नहीं होगा तथा शून्य माना जावेगा।

राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक- 26/05/2024

**भवदीय**
**त्रिदेव साहू (अधिवक्ता)**
**कार्यालय - 26, गोकुलधाम सोसायटी, गोकुल नगर के पास, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**सम्पर्क - 7999880804, 8319913970**

## शिक्षा विभाग ने शुरू की शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ का नया शिक्षा सत्र 16 जून से आरंभ हो रहा है। शिक्षा विभाग ने प्रवेश उत्सव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। 18 जून को राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह स्कूल, संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रवेश उत्सव के लिए सभी कलेक्टरों, जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला मिशन समन्वयकों, सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिया गया है। एक उत्सव राज्य स्तरीय होगा, जिसका स्थान अभी तय नहीं हुआ है। राज्य के सरकारी स्कूल 16 जून से खुलेंगे। 18 जून को राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव होगा। 10 जून तक स्कूलों की साफ-सफाई करना अनिवार्य है और अगले तीन महीने की शैक्षणिक कार्यक्रमों का रोडमैप शिक्षक तैयार करेंगे। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार स्कूलों में स्वच्छ और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए स्कूल भवनों की मरम्मत तय समय पर करना है। प्रवेश उत्सव के लिए गांव-शहर में व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।इसके लिए पोस्ट र, बैनर से प्रचार, रैलियों का आयोजन और शहरी वार्डो व गांवों के मुहल्लों में मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# नवतपा के पहले ही दिन सूरज ने झुलसाया

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार 25 मई नवतपा का पहले दिन रहा। हालांकि मौसम विभाग ने नवतपा में नरम-गरम वातावरण रहने की बात कही थी वही ज्योतिषियों ने भीषण गर्मी के साथ बारिश का योग बताया है। नवतपा के पहले दिन बारिश के योग तो नहीं दिखे किन्तु भीषण गर्मी का माहौल रहा। आकाश में बादल छाए रहने से और भी गर्मी में वृद्धि हुई। फिलहाल नवतपा के पहले दिन राजनांदगांव जिले का तापमान 42.5 डिग्री सेन्टीग्रेड दर्ज किया गया। वहीं आने वाले दिनों में इसका तापमान 44 डिग्री के पार जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



○ दिन में चली गर्म हवा के थपेड़ो से बचने नजर आए लोग
○ दोपहर में सड़कों में पसरा रहा सन्नाटा

### गर्म हवा के थपेड़े

शनिवार को हालांकि सुबह मौसम थोड़ा नरम-गरम रहा किन्तु आसमान में बदली छाए रहने से गर्मी में वृद्धि हुई और दोपहर तक तो गर्म हवाओं के थपेड़े का चलने लगे। शहर में खरीदी करने आए लोग गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचने गमछा, स्कार्फ आदि में मुंह ढाके देखे गये। दोपहर को सड़क में इक्के-दुक्के लोग ही नजर आए। बाजार में इस समय सन्नाटा पसरा देखा गया। शहर में टेम्पो में भेड़-बकरियों की तरह भरकर सवारी ले जाते देखे गए लेकिन हैरानी इस बात की रही कि ज्यादा सवारी भीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर पुलिस की जरा भी नजर नहीं गई। टैम्पो में अन्य सवारियों के साथ छोटी-छोटी बच्चियां भी बैठी थी। यदि वाहन थोड़ा भी अनबैलेंस हो जाता तो दुर्घटना होने का खतरा था। बहरहाल भीषण गर्मी से बचने लोगों को डाकुओं की तरह सिर और मुंह बांधे देखे गए। वहीं महिलाएं स्कार्फ या गमछे से सिर ढाके रही।

नवतपा में भीषण गर्मी से बचने जहां लोगों ने शीतल जल का सहारा लिया वही नीबू, शर्बत, छाछ, दही, लस्सी, गन्ना रस के सेवन करने में परहेज नहीं किए। बाजार में आइस्क्रीम, कुल्फी आदि की भी मांग रही। ज्यादातर लोग दोपहर के समय घरों में ही दुबके नजर आए। शाम के समय लगभग 6 बजे लोगों का बाहर निकलना हुआ तो सूरज देवता पश्चिम दिशा में तेज लालिमा लिए चमकते नजर आए। इसका मतलब यह कि देर शाम तक भी लोगों को भीषण गर्मी से छुटकारा नहीं मिला।

### हीट वेव का खतरा

मौसम विभाग की माने तो नवतपा में सूरज पूरे नौ-दिनों तक खूब तपने वाला है। इस दौरान गर्म हवाए चलेगी। रात का तापमान और भी बढ़ जाएगा। मौसम विभाग ने उस्म लहर चलने की बात कही है। यानि कि नवतपा में हिट वेव चलेगा जो कि नुकसानदायक हो सकता है। बादलों के मेघमय होने के कारण तापमान का पारा औसत रूप से 42 डिग्री सेटीग्रेड व न्यूनतम में 28 डिग्री सेंटीग्रेड रहेगा। डाक्टर भीषण गर्मी में घर से नहीं निकलने की सलाह दे रहे है। बहुत जरूरी होने पर ही मुह-नाक -कान व सिर को गमछे से बांध कर निकलने के लिए कहा जा रह है। इस दौरान तेज धूप व गर्मी से बचाव के लिए समय-समय पर ठंडा पानी या अन्य शीतल पेय पदार्थों का सेवन फलादि सेवन को हितकर बताया है।

# कोचियों से प्रति पेटी दो सौ रूपए कमीशन का विडियो वायरल होने से भड़के राजनीतिक दल

राजनांदगांव(दावा)। शहर सहित जिले भर में रोजाना बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी जा रही है। अंतर्राज्यीय तस्कर पकड़े जा रहे है। अवैध शराब बिक्री करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़ रहे है लेकिन रक्तबीज की तरह इधर रोजाना अवैध शराब विक्रेता व कोचिये पैदा हो रहे है।



○ कोचियों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग
○ जोगी कांग्रेस के आलम ने खोला मोर्चा

पुलिस इन्हें पकड़ती जा रही है, वही दूसरी ओर आबकारी विभाग इन्हें चुपके से शह देकर मोटी रकम की कमाई कर रहा है। कोचियों को संरक्षण देने व उनसे प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन देने की बात का विडियों वायरल होते ही आबकारी विभाग में खेलबली मच गई है। बता दे कि दैनिक दावा ने इससे सम्बंधित समाचार का प्रमुखता से प्रकाशन किया था।

इस पर आबकारी उप निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन से वर्सन भी लिया गया था। जिसमें उन्होंने अवैध शराब की बिक्री व शराब के रेट बढ़ा-चढ़ा कर लेने की बात से इंकार किया था। आज वही आबकारी निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन के द्वारा शराब दुकान के सेल्समेन से कोचियों से प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन लेने के बाद उन्हें शराब का पेटी देना कहते हुए विडियों वायरल होने से आबकारी विभाग की कोचियों की संरक्षण देने व शराब के दाम अधिक लेने की सच्चाई सामने आ गई है। हालांकि उक्त मामले को लेकर आबकारी विभाग की हुई फजीहत को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी रघुनंदन राठौर ने तुलेश्वरी देवांगन को कारण बताओं नोटिश ही जारी नहीं किया बल्कि उसे पद से हटा दिया है। इस सम्बंध में जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

### कार्रवाई की मांग

आबकारी उप निरीक्षण तुलेश्वरी देवांगन का कमीशन वाला विडियो वायरल होते ही राजनीतिक दल भी प्रतिक्रिया देने सामने आ गए है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि इस सम्बंध में यहां के लोकप्रिय विधायक व छ.ग. विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पहले से ही कोचियों का राज सक्रिय रहा तो आबकारी पर गाज गिरने व कार्रवाई के निर्देश दे रखे है। जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि भाजपा इस मामले को लेकर चूप नहीं बैठी है। काम किया जा रहा है। इस सम्बंध में जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने एक पत्रकार वार्ता लेकर अवैध शराब की बिक्री करने वाले तथा कोचियों को संरक्षण देने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांगे की है। इधर भाजपा शासन में शहर के दो चखना सेन्टर के लाखों रूपए में टेण्डर होने को लेकर भी पार्टी को घेरा जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो अधिकारियों के संरक्षण में पुलिस के नाक नीचे जमकर शराब की गंगा बहाई जा रही है और जिनके हाथ में जो कुछ है उनके द्वारा जमकर कमीशन कमाया जा रहा है।

### जिले में कोचिया गिरी हावी

प्रेसवार्ता में शमसुल आलम ने कहा कि सरकारी शराब दुकानों में आबकारी विभाग के अधिकारियों और शराब भट्टी के प्लेसमेंट एंजेसियों के कर्मचारियों की मिली भगत से पूरे जिले में कोचिया गिरी हावी है। शराब की बोतलों को एमआरपी से अधिक दामों में बेचकर आबकारी विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने गत दिनों रेवाडीह शराब भट्टी में फ्लाईंग स्क्वाड की टीम ने वहां के कर्मचारी के साथ मारपीट की थी तथा उससे कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिया था। इसकी भी वीडियो वायरल हुआ था। जोगी कांग्रेस द्वारा कलेक्टर को पत्र लिख कर कोचियों को संरक्षण देने वाले कमीशन खोरी में लिप्त आबकारी अधिकारी, कर्मचारियों के उपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है तथा प्लेसमेंट ऐजेसियों द्वारा आबकारी के मापदंड का पालन नहीं करने वाले एजेन्सियों का तत्काल प्रभाव से ब्लेक लिस्टेड किए जाने सहित जिले में अवैध शराब की बिक्री व अवैध वसूली पर रोक लगाई जाने की मांग की है।

# आनंदमार्ग संस्थापक गुरुदेव आनंदमूर्ति का धूमधाम से मनाया 103वां जन्मोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। आनंदमार्ग के संस्थापक गुरुदेव आनन्दमूर्ति का 103वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आनन्द मार्ग प्रचारक संघ राजनांदगांव द्वारा जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रभात संगीत गायन, सिद्ध अष्टाक्षरी महामंत्र बाबा नाम केवलम् किर्तन 1 घंटे का किया गया, मिलित साधना व गुरूपुजा करने के बाद गुरुदेव के दिये हुऐ आनन्दवाणी का पाठ किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण आयोजन किया गया। नारायण सेवा के दौरन पोहा, फल व शरबत का वितरण किया गया। नारायण सेवा के बाद स्वच्छता अभियान चला कर समस्त जितने भी डिस्पोजल व कूड़े को एकत्रित किया गया। गुरुदेव आनंदमूर्ति का जन्म 1921 में वैशाखी पूर्णिमा के दिन बिहार के जमालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ था। परिवार का दायित्व निभाते हुए वे सामाजिक समस्याओं के कारण का विश्लेषण व निदान ढूंढने में और लोगों को योग साधना आदि की शिक्षा देने में अपना समय देने लगे। सन् 1955 में उन्होंने आनंदमार्ग प्रचारक संघ की स्थापना बिहार के जमालपुर में की। आनन्दमार्ग को उद्देश्य आत्म मोक्षार्थम जग हिताय च। वर्तमान समय में पूंजीवाद व साम्यवाद मनुष्य की सभी समस्याओं का समाधान करने में असफल है। गुरुजी ने समझा कि जिस जीवन मूल्य भौतिकवाद को वर्तमान मानव अपना रहे हैं। उनके शारीरिक व मानसिक और ना आत्मिक विकास के लिए उपयुक्त है। उन्होंने ऐसे समाज की स्थापना का संकल्प लिया, जिसमें हर व्यक्ति को अपने सर्वांगीण विकास करते हुए अपने मूल्य को ऊपर उठाने का सुयोग प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में विकसित होने का अधिकार और समाज का कर्तव्य है। जन्मोत्सव के कार्यक्रम में जवाहरलाल देवांगन, वासुदेव लाउत्रे, सुरेश कहर, रवि रावाणी, हेमराय चन्द्रवंशी, डॉ.चमनलाल निषाद, सुनील रामटेके, पियुष साव, सौरभ यादव, गणितराम ठाकुर, जय यादव, आर्यन यादव, नीकू साहू, योगेश साव, श्रीमती प्रतिभा रामटेके, अंजु यादव, दिव्या यादव, सुरभी यादव, डिम्पल यादव, श्रीमती देवांगन, श्रीमती रावाणी, श्रीमती गिरजा यादव आदि गुरूभक्त भाई-बहन उपस्थित थे। सम्पूर्ण जानकारी मिडिया प्रभारी सौरभ यादव ने दी।



# चोरी की ट्रेक्टर ट्राली खरीदने वाले गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। कोठार में रखे ट्रेक्टर ट्राली को चोरीकर बेचने वाले सहित उसे खरीदने वाले व्यक्ति व एक अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

घटना के संबंध में पीड़ित हरदयाल सिन्हा (45 वर्ष) ने ठेलकाडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक माह पूर्व उसने एक सेकेन्ड हेण्ड ट्रेक्टर खरीदा था। ट्रेक्टर की ट्राली को काम के बाद कोठार में खड़ा कर दिया था। उक्त ट्राली 21 मई को अचानक गायब हो गई थी। पुलिस ने इस पर धारा 457.380 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में पुलिस द्वारा पता साजी कर आरोपी गण मोतीलाल वर्मा पिता मिलन वर्मा (28 वर्ष) निवासी शिकारी टोला हेमंत सेन पिता फागूराम सेन (24 वर्ष) शिकारी टोला से संदेह के आधार पर पूछताछ किए जाने पर आरोपियों ने ट्राली का चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों ने उक्त ट्राली को अपने ट्रेक्टर के इंजन से खीचकर रिस्तेदार गोवर्धन वर्मा के घर ग्राम मासूलगोडी में जाकर बेचने की बात बताई। पुलिस न आरोपियों के पास से ट्रेक्टर ट्राली, ट्रेक्टर का इंजन व बिक्री की रकम से खरीदा मोबाइल जब्त कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पत्रकारों पर आरोप लगाना विधायक को पड़ा महंगा

भिलाई (दावा)। दुर्ग जिले के वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन को अपने पर्सनल फेसबुक अकाउंट पर पत्रकारों को लेकर टिप्पणी करना महंगा पड़ता दिख रहा है। उन्होंने पत्रकारों को ब्लैकमेलर और दलाल जैसे शब्द का उपयोग किया है। इसको लेकर पत्रकार लामबंद हो गए हैं। उन्होंने आईजी दुर्ग राम गोपाल गर्ग और एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला को रिकेश सेन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई किये जाने की मांग की है। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने मामले में जांच करने का आश्वासन दिया है। आपको बता दें कि बीते कुछ दिन पहले विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि को लेकर एक बड़े चैनल की वेबसाइट में खबर चली थी। उसमें बताया गया था कि विधायक के अधिकतर प्रतिनिधि महादेव सट्टा और अन्य आपराधिक रिकार्ड में संलिप्त हैं और जेल जा चुके हैं। यह खबर विधायक रिकेश को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट खबर लिखने वाली पत्रकार को धमकी दे डाली। इतना ही नहीं उसके बाद एक बड़े अखबार के वेब पोर्टल चलाने वाले पत्रकार का नाम न लिखते हुए कहा कि उसके खिलाफ वो कार्रवाई कराएंगे। इतना लिखने के बाद भी जब पत्रकारों ने विधायक की पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की तो विधायक इतने नीचे गिर गए गए की उन्होंने दूसरा पोस्ट यह लिख डाला कि उनके पास 200 डॉक्टर, व्यापारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है कि उन्हें यह पत्रकार ब्लैकमेल कर रहा है।



0 विधायक के खिलाफ पत्रकार हुए लामबंद
○ आईजी, एसपी से हुई शिकायत

विधायक ने कहा कि उस पत्रकार के खिलाफ कल एफआईआर होगी। यह बात पत्रकार संघ को काफी नागवार गुजरी और उन्होंने एकता का परिचय देते हुए 50-60 की संख्या में शुक्रवार 24 मई को एसपी दुर्ग और आईजी दुर्ग से मुलाकात की। उन्होंने एसपी से कहा देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक रिकेश सेन देश के चौथे स्तंभ यानि मीडिया कर्मियों की आवाज को दबाने के लिए काफी नीचे स्तर का कार्य कर रहे हैं।

पत्रकारों ने कहा कि उन्होंने सोशलमीडिया अकाउंट का दुरुपयोग करके उसमें उन पर अनरगल आरोप लगाया है। इसलिए उनके खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने पत्रकारों की बात को सुना और कहा कि वो इसकी जांच करेंगे और इस मामले को बड़े अधिकारियों और प्रशासन स्तर तक पहुंचाएंगे। ज्ञापन देते समय स्टील सिटी प्रेस क्लब भिलाई के अध्यक्ष आनंद नारायण ओझा, उपाध्यक्ष डॉ. संदीप उपाध्याय, कोषाध्यक्ष नीलेश त्रिपाठी, रॉबिन मल, न्यू प्रेसक्लब भिलाई से उपाध्यक्ष कोमल धनेसर, महासचिव खिलावन सिंह चौहान, कार्यालय सचिव रमेश भगत, केपी न्यूज के संपादक राजेश अग्रवाल, गणेश निषाद, मिथलेश ठाकुर, अनुभूति भाकरे, इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश राव मदने, हितेश शर्मा, मनेद्र पटेल, खोमेंद्र सोनकर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। ज्ञापन की पूरी भूमिका दुर्ग जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष समशेर खान के मार्गदर्शन में बनाई गई। इस दौरान रवि सोनकर, सचिन, अभिषेक सावल, सीमांत कश्यप, संजय सिहं, खुशवंत, हरप्रीत भाटिया सहित बड़ी संख्या में दुर्ग और भिलाई के पत्रकार मौजूद रहे।

### सीएम सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

पत्रकार संघ की तरफ से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक रिकेश सेन के द्वारा मीडिया की आवज और स्वतंत्रा को दबाने के कार्य की जानकारी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और संगठन मंत्री पवन साय को ज्ञापन भेजकर जानकारी दी गई। इसके बाद से भाजपा पार्टी में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारियों ने इसकी निंदा की है।

# प्रतिभाशाली क्रिकेटर अब्राहम अमोली बने मैन ऑफ द मैच

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव क्रिकेट ऐकेडमी एवं गोंदिया क्रिकेट एसोसन के मध्य खामतराई के पूजा कॉलेज के ग्राउण्ड में फूल टर्फ विकेट पिच के मैदान में 30-30 ओवर का एक दिवसीय मैच खेला गया। टास जीतकर कप्तान अब्राहम अमोली ने पहले फिल्डींग करने का निर्णय लिया। गोंदिया की ओपनिंग जोडी में कुशु भाई और अर्थव समीर मैदान में उतरे पहला विकेट कुशु भाऊ के रूप में गिरा 10 रन के योग में। क्रमशः पार्थ वीर 39 रन, आयुष पाचे ने 18 रन बनाये, दर्शील ने 24 रन बनाये 7 विकेट खोकर 30 ओवर खेलकर गोंदिया की टीम ने 173 रन बनाये। आरसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऑफ स्केनर विपुल भेड़िया ने 3 विकेट, राईट आर्म लेग स्पीनर धवल देवांगन 3 विकेट, अब्राहम अमोली 1 विकेट। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजनांदगांव की ओपनिंग जोड़ी ने अब्राहम अमोली और धोनी भाटिया जीरो रन बनाकर एलपीडब्ल्यू आऊट हुए। क्रमशः अब्राहम अमोली 11 चौके एवं गगन चुम्मित 2 छक्के मारे 73 रन बनाये। आदित्य रामटेके 9 रन, मुकेश निषाद 9 रन, मोहम्मद रिजवान 9 रन योगदान दिये। इस प्रकार आरसीए ने 22 ओवर में 7 विकेट खोकर 174 रन बनाकर विजयी रही। गोंदिया के ओर से गेंदबाजी करते हुए बॉलर कुशु, भूपेन्द्र ने 2 विकेट, आयुष पाचे 1 विकेट, लोकेश, देवेंद्र ने 1 विकेट, अर्थव, समीर ने 1 विकेट लिये। मेडल ट्राफी, प्रमाण-पत्र गोंदिया डिस्ट्रीक्ट के सचिव मुकेश बाराई द्वारा दिया गया। मुकेश बाराई द्वारा अब्राहम अमोली को सचिव द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। आरसीए के समिति की ओर से सहायक कोच जोई थॉमस आनंद देवांगन (अर्जुनी वाले) अंतु कराडे पूर्व सरपंच अमलीडीह शोभा चोपड़ा, समस्त जानकारी आरसीए के हेड कोच संदीप शुक्ले ने दी। जिला क्रिकेट संघ की ओर से अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागडी ने विजयी होने पर शुभकामनाएं दी।



11 चौके, 2 छक्के की मदद से 73 रन बनाये

# अल्पबचत अभिकर्ता एसोसिएशन की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित

## बैठक में अभिकर्ता जोड़ो अभियान का किया गया आगाज

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल प्रांगण में अल्पबचत अभिकर्ता एसोसिएशन भारत, जिला शाखा राजनांदगांव की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित हुई। इस बैठक में विशेष आमंत्रित अतिथिगण के रूप में प्रदेश संयोजक सरोज मेश्राम भिलाई, राजकुमार जायसवाल एवं नरेंद्र कुमार सिन्हा दुर्ग से विशेष रूप से उपस्थित हुए। राजनांदगांव जिले से इस बैठक में मुख्य रूप से डोंगरगांव से अभिकर्ता साथी गरिमा छन्नू देवांगन, प्रकाश गुप्ता, राजनांदगांव स्टेडियम डाकघर से आशीष सूरे, मनोहर भार्गव, मालती चौहान, के. पी. दीक्षित, सरला अशोक गुप्ता, कचहरी डाकघर से गंगोत्री देवांगन, नरेश यादव, धनी राम मटाले, राम कुमार देवांगन, श्वेता शर्मा, सुरेश सोनी, मुख्य डाकघर से श्रीमती हीना व्यास, दुर्गा गुप्ता, वरुण साहू, जी.जी. चौक डाकघर से विजय हुंका, अंजना कृष्णा देवांगन, योगेश सिंह गहरवार, सुरेखा नकली, बाजार डाकघर से नंदा शर्मा, निर्मला हरख चंद जैन आदि अभिकर्ता साथी गण उपस्थित हुये। पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार बैठक में चर्चा प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम जिले के अभिकर्ता साथियों के द्वारा एन.एस.एस.ए.ए.आई. की सदस्यता ग्रहण करने संबंधी जानकारी साथी मंजू महेश देवांगन के द्वारा दी गई तथा सभा को बताया गया कि राजनांदगांव जिले में अब तक 46 आजीवन सदस्य, 15 वार्षिक सदस्य सहित मोहला-मानपुर जिले से 05 आजीवन सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने सदस्यता अभियान को और अधिक गतिशील करने हेतु उपस्थित अभिकर्ता साथियों से अपील की। स्वागत भाषण अध्यक्ष सुनील बाजपेई के द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रदेश संयोजक सरोज मेश्राम ने दिनांक 16 एवं 17 जून 2024 को जलाराम वाटिका, दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता एसोसिएशन, भारत के राष्ट्रीय अधिवेशन के संबंध में उपस्थित साथियों को जानकारी दी तथा संगठन की आवश्यकता एवं अभिकर्ताओं के हितरक्षण के लिए, संगठन की सदस्यता अभियान को और अधिक गतिशील करने के उद्देश्य से अभिकर्ता जोड़ो अभियान का आगाज किया। उपस्थित साथियों ने इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक अभिकर्ता साथियों को संगठन का सदस्य बनाने हेतु सहमति जताई और इसके लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन साथी शिव देवांगन जी के द्वारा तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण पवार के द्वारा किया गया।




# खुमान संगीत अकादमी द्वारा सिमरन वेज फैमिली रेस्तरां में संगीतमय आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करते ही राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित संस्कारधानी राजनांदगांव की खूबसूरती यहां के खान-पान और अतिथि देवो भवः की विरासत को आगे बढ़ाने में निहित है, यहां सिमरन वेज फैमिली रेस्तरां के स्वादिष्ट व्यंजन आपकी यात्रा को और भी यादगार बना देंगे। इस रेस्टोरेंट में नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना और स्थानीय स्वाद का भी आनंद लिया जा सकता है। यह रेस्टोरेंट रेलवे स्टेशन से 3 किमी की दूरी पर नंदई बाईपास चौराहा मोहारा रोड़ पर स्थित है।



होटल व्यवसाय में 20 वर्षों का अनुभव लिए सिटी हार्ट रेस्टोरेंट समूह के डायरेक्टर जीएस बग्गा और जसविंदर कौर बग्गा ने बताया कि सिमरन वेज फैमिली रेस्टोरेंट में संगीतमय वातावरण में समय बिताना लोगों को खूब पसंद आ रहा है। यह रेस्टोरेंट आपके प्रियजनों के साथ मलिटी टाइम स्पेंड करने के लिए एक शांत और और आरामदायक जगह प्रदान करता है।

खुशियों के पलों को यादगार बनाने के लिए अपने प्रियजन का जन्मदिन, सालगिरह या कोई भी खुशी का पल पार्टी के रूप में सेलिब्रेट करना हो तो सिमरन वेज फैमिली रेस्टोरेंट सर्वोत्तम सेवा के साथ लोगों की पसंद बनते जा रहा हैं। इसके साथ ही लॉन में कॉर्पोरेट मीटिंग और शादी समारोह जैसे विशेष आयोजनों के लिए हॉल भी बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं।

जी.एस. बग्गा ने मीडिया को बताया कि होटल इंडस्ट्री में उनका लंबा अनुभव है। वह आगे कहते है कि, पारिवारिक माहौल ने ही मुझे इस व्यवसाय को बेहतर तरीके से चलाने के लिए प्रेरित किया है, जब ग्राहक हमारी सेवाओं से खुश होते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं तो बहुत खुशी होती है। हम महानगरों जैसी सुविधाएं देने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

# पेपर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

रायपुर । जिले के मंदिर हसौद स्थित अजवा पेपर एंड बर्ड मिल फैक्ट्री में शनिवार को भीषण आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड के 4 वाहन मौके पर पहुंचे और आग को काबू किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस अफसर पहुंचे थे।

मिली जानकारी अनुसार घटना शनिवार दोपहर की है। मंदिर हसौद स्थित अजवा पेपर एंड बर्ड मिल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग के फैलने की खबर मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची करीब 4 से 5 दमकल की गाड़ियो ने आग पर काबू किया। बताया जाता है कि मिल में पेपर जैसी चीज है, केवल रॉ-मैटेरियल जला है जो जलकर राख हो गया।

## अनमोल दावा

**जो अच्छा लगे उसे ग्रहण करो और जो बुरा लगे उसका त्याग फिर चाहे वह विचार हो, कर्म हो या मनुष्य**

## सम्पादकीय

# आर्थिक चुनौतियों का नई सरकार को सामना करना पड़ेगा

प्रत्येक देशों की अपनी आर्थिक नीति और सिद्धान्त होते हैं। भारत के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि वह महाभारत कालीन चार्वाक के सिद्धान्त पर चल रहा है, ऐसा प्रतीत होता है। चार्वाक का कहना था कि ''कर्ज लो और घी पीयो''। वैसे कर्ज लेने की भी एक सीमा होती है। परन्तु, केन्द्र की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के चुनाव पूर्व आए बयानों पर से लगता है कि वे चार्वाक के सिद्धान्तों का अनुसरण कर रही हैं। चुनावी माहौल में वित्तमंत्री की चुप्पी भी उल्लेखनीय है। नीतीन गडकरी और पियुष गोयल जैसे व्यापार-वाणिज्य विशेषज्ञ भी शीघ्रतापूर्वक लिए गए विधानों को गंभीरता से नहीं लिया। जब कि, उन्हे बोलना चाहिए था।

केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी.सुब्रमण्यम ने हाल ही प्रेस वार्ता में कहा था कि आर्थिक चित्र कहने पर से आकर्षक लगता है, परन्तु वास्तविक धरातल पर सरकार का यह जादुई इन्द्रजाल जोखिमों से भरा हुआ है। इस बात में दम भी है। लाकडाउन के कारण पूर्व में रसातल में जा पहुंचा अर्थतंत्र भयावह था। उसके बाद, अनलाक होते ही फिर उसका ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ा था। वर्तमान की वैश्विक मंदी के साए में विश्व भर के देशों की स्थिति दयनीय है।

कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी ने भी कहा था कि भारत का अर्थतंत्र बहुत ही खराब परिस्थिति से गजर रहा है। घोर अंधेरी रात सदृश्य हालात अब बीत रहे हैं। नई सुबह की सूर्य किरणें प्रकाशित हुई हैं। सर्राफा बाजार और शेयर बाजार से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। आशाओं और उम्मीदों को बांध रखना ही सामान्यतः वित्तमंत्री का काम होता है। इस कारण, जब भी निर्मला सीतारमन बोलती हैं, तब आशा की किरणें बिखेरती ही हैं। स्वाभाविक रूप से आर्थिक चित्र वास्तविकता के जितना निकट होगा, उतना ही देश का अर्थतंत्र तन्दुरूस्त रहेगा। नुकसान होता है तो उसकी रिकवरी भी होना जरूरी है। इसके लिए, सरकार ने पूर्व में की गई जो भूल की है, उसे सुधारना होगा। सरकार के अनुमान के अनुसार चालू वित्तीय साल 2024-25 में जीडीपी आधारित सर्वग्राही विकास दर 11 प्रतिशत तक ऊपर जाएगी। यद्यपि, सरकार ने जो संभावना दिखाई है, वह भी मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसी प्रतीत होती है। आश्चर्यजनक यह कि इस अनुमानित विकास दर ऋणात्मक 7.7 प्रतिशत दर तक नीचे गई, के आधार पर से गणना है।

जिस प्रकार, पूर्व वित्तमंत्री अरूण जेटली का गणित विरूद्ध आंकलन था, वैसा ही निर्मला सीतारमन का भी यह आंकलन है। जो जल्दी से समझ में नहीं आता। बेरोजगारी का इसमें कोई समाधान दिखाई नहीं देता। 11 प्रतिशत की कल्पना लिए विकास दर ऊंची है। भाजपा प्रेरित तमाम अर्थशास्त्रियों के लिए स्वाभाविक रूप से यह आकर्षक का केन्द्र होगा। प्रश्न यह कि, उक्त लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार के इरादे और युक्ति, प्रयुक्ति व क्रियाकलाप क्या कमाल दिखाते हैं? विविध योजनाओं व इन्फ्रास्ट्रक्चरों के कार्यों के द्वारा सरकार घोषित किए गए कामों में अरबों रूपयों का निवेश करेंगे यह तो तयशुदा है। इसके लिये सरकार किस प्रकार पूंजीनिवेश करती है?, इस पर से अभी तक कोई स्पष्टता नहीं की गई है। इस पर से भी कहा जा सकता है कि ''कर्ज लेकर घी पियो'' की नीति काम कर रही है।

निःसंदेह, आयात-निर्यात का चित्र उत्साहजनक है। वैश्विक मंदी के कारण क्रूड माल की मात्रा घटी है। इसके बावजुद, इस समय करेंट एकाउंट सरप्लस जैसा है। ग्लोबलरेटिंग एजेंसी के अनेक प्रकार के निष्कर्ष सामने आ रहे हैं। जिसमें कई मनगढ़न्त भी होते हैं। सरकार इसकी परवाह किए बगैर ध्यान दें तो देश के अर्थतंत्र में सकारात्मक परिणाम भी मिल सकते हैं। परन्तु एन.डी.ए. सरकार जितना अपनी पार्टी में ध्यान देती है, उतना ध्यान उसे यहां भी देना होगा। जो एक कठिन काम है। देश के अर्थतंत्र में प्राणशक्ति का संचार करने के लिए सरकार को अपना फिजुल खर्च कम कर और विकास पर ध्यान देना होगा। तभी तेजी की रफ्तार देखने को मिल सकती है। नई सरकार का परिपूरक बजट विभिन्न पहलुओं का तीर्थ संगम जैसा होगा। क्योंकि, वित्तमंत्री हकीकत में आर्थिक पैकेज मंत्री हैं। नई सरकार के आर्थिक चित्र पर सभी विशेषज्ञों की नजर रहेगी।

# ताइवान को आँख दिखाकर आखिर चीन क्या हासिल करना चाहता है?

**रुपर्ट विंगफ़ील्ड-हेयेस**

ताइवान के चारों तरफ़ आसमान और समंदर में चीन ने दो दिनों तक मिलिट्री ड्रिल करके ये दिखाया है कि उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी जहाज़ों और लड़ाकू विमानों से कैसे इस द्वीप की घेराबंदी कर सकती है.चीन के लिए ये एक रिहर्सल की तरह था. चीन ने एक बार ये दिखाया कि वो ताइवान को कैसे अपने दखल में लेगा. ऐसा करने कि वो बार-बार कसमें खाता रहा है.ताइवान स्ट्रेट (ताइवान की खाड़ी) में चीन ने पहले ही ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं जिसे न्यू नॉर्मल कहा जा सकता है.अपनी सरकार खुद चलाने वाले ताइवान पर चीन ने आहिस्ता-आहिस्ता मिलिट्री प्रेशर बढ़ाना शुरू कर दिया है.ये कहना मुश्किल है कि वास्तव में क्या चल रहा है लेकिन अभी तक चीन ने जो जानकारियां सार्वजनिक तौर पर दी हैं, उससे ये तो पता चलता है कि चीन के ताज़ा मिलिट्री ड्रिल में जिन इलाकों को शामिल किया गया है, उस लिहाज से ये शायद अब तक का सबसे बड़ा मिलिट्री ड्रिल है.इसमें ताइवान की खाड़ी का ज़्यादातर हिस्सा शामिल था. ताइवान के पूर्वी तट से लगने वाले प्रशांत महासागर का बड़ा हिस्सा और ताइवान और फिलिपींस को एक दूसरे से अलग करने बाशी चैनल सब इस मिलिट्री ड्रिल की जद में आ गए थे.ताइवान के मिलिट्री एक्सपर्ट चीएह चुंग कहते हैं कि गुरुवार के ड्रिल में ताइवान की घेराबंदी पर फोकस था. ज़मीनी सैनिक भेजने को छोड़ दें तो ये एक व्यापक हमले की तैयारी थी.

उनकी राय में ताइवान के आस-पास के सभी द्वीपों को इस मिलिट्री ड्रिल में शामिल करने से ऐसा लगता है कि चीन की योजना उन सभी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की है जहां से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ख़िलाफ़ जवाबी हमला किया जा सकता है.चीएह चुंग को ये भी लगता है कि दो दिनों तक चला ये मिलिट्री इस बरस का कोई आख़िरी सैन्य अभ्यास नहीं रहने वाला है जिसे ताइवान को सहना होगा. इसीलिए चीन ने इस मिलिट्री ड्रिल का नाम ज्वॉयंट स्वोर्ड 2024-ए रखा है. शुक्रवार को जारी किए वीडियो फुटेज से ये पता चलता है कि पीएलए ताइवान के प्रमुख शहरों और बंदरगाहों पर हमले का अभ्यास कर रहा है.पीएलए के पूर्वी कमान ने एक नाटकीय वीडियो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि जहाज़ों का बेड़ा ताइवान की ओर बढ़ रहा है. साथ ही इस वीडियो में आगे बढ़ो, घेर लो, लॉक कर दो जैसे शब्द सुने जा सकते हैं.इसके बाद पूरे ताइवान को ऑरेंज कलर में हाईलाइट कर दिया गया है जिसका मतलब टोटल कंट्रोल से निकाला जा रहा है.



चीन ने एक और वीडियो जारी किया है जिसमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक कर्नल बेहद सियासी जुबान में इस मिलिट्री ड्रिल के मक़सद के बारे में बता रहे हैं.वे कहते हैं, जैसा कि हम देख सकते हैं कि हमने ताइवान के पूर्वी हिस्से के पास समंदर और आसमान में सैन्य अभ्यास के लिए दो जगहों को चिह्नित किया है. इसका मक़सद ताइवान इंडिपेंडेंस के अलगाववादियों को भागने से रोकना और उनके कम्फर्ट ज़ोन को रोकना है.ताइवान का पूर्वी तट उसके मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से अहम है. अमेरिका समेत ताइवान के सहयोगियों के लिए ये पूर्वी तट जापान के दक्षिणी द्वीपों से नज़दीकी के कारण भरोसेमंद री-सप्लाई रूट भी है.चीन की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में उसके कोस्ट गार्ड के जहाज़ों को ताइवान के नियंत्रण वाले द्वीप वु-किउ के तीन नॉटिकल मील के दायरे की तरफ़ बढ़ते हुए देखा जा सकता है.चीन के फुजियान प्रांत के तट के पास मौजूद इस छोटे से पथरीले द्वीप पर समुद्री पंछियों के बसेरे के साथ-साथ ताइवानी सैनिकों के एक छोटे से दस्ते का डेरा है.गुरुवार को ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के 49 लड़ाकू विमान, 19 नौसैनिक जहाज़ और कोस्ट गार्ड के सात जहाज़ ताइवान के सामुद्रिक क्षेत्र के क़रीब पहुंच गए थे. इस बेड़े में छोटे आकार के युद्ध पोत थे जिनसे हलके हथियार लाए जा सकते थे.

चीन के जहाज़ी बेड़े के बड़े युद्ध पोतों या विमान वाहक पोतों का कोई निशान नहीं था. हमले की सूरत में उसे इससे कहीं अधिक बड़े जहाज़ों की ज़रूरत पड़ेगी और वो भी बड़ी संख्या में. अतीत में ताइवान के करीब एक बड़ा हमला 1944 में जापान के ओकिनावा पर अमेरिकी आक्रमण था. उस अमेरिकी बेड़े में लगभग 300 नौसैनिक लड़ाके थे, जिनमें 11 युद्धपोत और सैकड़ों सैनिक थे.गुरुवार को मिलिट्री ड्रिल के अलावा चीन ने जमकर राष्ट्रपति लाई पर हमला किया है. विलियम लाई के ख़िलाफ़ चीनी मीडिया में एक मोर्चा खोल दिया गया है. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने उन्हें घमंडी और लापरवाह बताया है. चीन के सरकारी टीवी चैनल ने कहा है कि विलियम लाई को इतिहास एक शर्म के खंभे पर टांगेगा. चैनल ने उन पर द्वि-राष्ट्र सिंद्धात का समर्थन करने पर भी कड़ी निंदा की है.विलियम लाई का अपराध ये है कि उन्होंने सोमवार को पदभार संभालने के बाद दिए भाषण में चीन को चीन कहकर पुकारा.चीन का कहना है कि ऐसा करके लाई ने अपना असली रंग दिखा दिया है. चीन को चीन कहकर उन्होंने बता दिया चीन और ताइवान दोनों अलग-अलग देश हैं.उनकी नज़र में ये अलगाववादी विचारधारा की स्वीकारोक्ति है .जो चीन और ताइवान के बीच विवाद नहीं जानते उनके लिए ये सारी बातें अजीबोग़रीब लग सकती हैं. लेकिन दशकों से चीन और ताइवान ने चीन की परिभाषा पर बहस की है और बहस इस बात पर भी रही है कि क्या ताइवान चीन का हिस्सा है? ताइवान के कई स्कॉलर मानते हैं कि शब्दावली बहुत अहम चीज़ है और विलियम लाई ने उस ख़तरनाक रेखा को लांघ दिया है.लेकिन बाक़ी लोगों का कहना है कि चीन तो पहले ही लाई का विरोध करने का मन बना चुका था और उनका भाषण तो बस एक बहाना था. लेकिन एक बात पर सभी लोग इत्तफ़ाक रखते हैं और वो है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग चाहते हैं कि चीन ताइवान पर लगाम कस कर रखे. और ताइवान को लोगों को ये स्वीकार नहीं है.लेकिन ताइवान में लोग इससे अधिक हैरान नहीं हैं. उनके हिसाब से तो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बारे में उन्हें ठीक से समझ है. जब लाई की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने जनवरी में लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति का चुनाव जीता तो कई लोग सोच रहे थे कि ना मालूम, चीन की इस पर क्या प्रतिक्रिया होगी.उस वक्त लोगों का अंदाज़ा था कि लाई के पदभार संभालने के बाद ही चीन कोई प्रतिक्रिया पेश करेगा.

अब लाई के पदभार संभालने के चार दिन बाद ये सब हो रहा है. मिलिट्री ड्रिल और चेतावनी शायद यही है चीन की प्रतिक्रिया. मुख्य बात तो ये है चीनी प्रतिक्रिया काफ़ी तैयारी के बाद आई हुई लग रही है. दुनिया की कोई भी सेना आनन फानन में इतनी बड़ी मिलिट्री ड्रिल नहीं कर सकती.एक और बात ग़ौर करने वाली ये है कि चीनी सेना ने बार-बार समुद्र में मेडियन लाइन को पार किया है.मेडियन लाइन चीन और ताइवान के तट से लगभग 50 नॉटिकल माइल्स पर स्थित एक रेखा है जिसे दोनों के बीच अनौपचारिक सरहद कहा जाता है.लेकिन चीन ने अब तक ताइवान के 24 मील की लाइन को ब्रीच नहीं किया है. अगर ये होता है तो इसे एक बड़ा उकसावा माना जा सकता है.ऐसा लगता है कि तमाम आक्रामकता के बावजूद चीन अब भी एहतियात बरत रहा है.ताइपेई की सड़कों पर चीनी सैन्य अभ्यास के बारे में कोई ख़ास प्रतिक्रिया नहीं दिखी.कई लोग आपको बताएंगे कि उन्हें कोई ख़ौफ़ नहीं है. लेकिन ये पूरा सच नहीं है. चीन का पड़ोसी होना ऐसा ही है कि जैसा आप किसी भूकंप संभावित ज़ोन में हों. यानी ख़तरा हमेशा बना रहेगा.ताइवान के इर्द-गिर्द चीनी ड्रिल का आकार बढ़ता रहेगा और ख़तरनाक होता जाएगा. इसलिए आपको इससे निपटने के लिए तैयारी तो करनी चाहिए.लेकिन आपको रोज़मर्रा की ज़िंदगी भी सुचारू रूप से चालू रखनी चाहिए. ताइवान में सत्तारूढ़ और विपक्ष के बीच संसद में खूब गर्मागर्मी होती रहती है लेकिन चीनी के सैन्य अभ्यास ने देश की सभी दलों को एकजुट कर दिया है. विपक्षी दल केएमटी को चीन का हिमायती बताया जाता है. इस दल ने चीन से सावधानी बरतने की गुज़ारिश की है. केएमटी के लिए ये वो वक़्त नहीं है जब वे चीन के साथ दोस्ताना व्यवहार करते दिखें. पर यहाँ एक अजीब विडंबना भी है, जो ये बताती है कि चीन के कम्युनिस्ट नेता ताइवान को कितना कम समझते हैं.

## विचार सरिता


# मन में बसे हैं राम : 157 राजा दशरथ ने रानियों के समक्ष अपना पद त्यागने की इच्छा व्यक्त की

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रक्षा समिति की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए तथा राज्य की सीमा और इनसे लगे क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।राजा दशरथ ने इस संबंध में तुरंत आदेश जारी किया।

''विशेष रूप से अयोध्या के सीमावर्ती गांवों में सतर्कता बढ़ाई जाए।दक्षिण दिशा से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जाए और संदिग्ध व्यक्ति पर सूक्ष्म दृष्टि रखी जाए। अगर ऐसी कोई अवांछित गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत रक्षक दलों को सूचना दी जाए और इसकी जानकारी राजधानी में भी सैन्य विभाग को भिजवाई जाए। अयोध्या की सेना के लिए अस्त्र शस्त्रों और अन्य साधनों में वृद्धि की जाए तथा सैनिकों का नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण भी सुनिश्चित होना चाहिए।''



सेनापति शौर्यसेन और गुप्तचर प्रमुख श्रीकेतु ने महाराज दशरथ को इस संबंध में आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन होगा और अयोध्या के सैनिक तथा गुप्तचर पूर्ण रूप से सजग होकर अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

महाराज दशरथ और श्री राम ने एक साथ एक ही रथ में अपने राजप्रासाद की ओर प्रस्थान किया। मुख्य राजमार्ग के दोनों ओर राज रथ को देखते ही लोग ठहर जाते हैं और राजा दशरथ का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हैं। आज उनके साथ रथ पर श्री राम भी आरूढ़ हैं और प्रजा उनका भी अभिवादन कर रही है।

दूसरे दिन प्रातःकाल महाराज दशरथ ने अपनी रानियों से चर्चा की और उन्हें अपने मन की यह इच्छा बताई कि वे राजपद से निवृत्त होना चाहते हैं।

''यह अचानक आपके मन में ऐसा विचार क्यों आ रहा है महाराज?'' रानी कौशल्या ने कहा।

महाराज दशरथ ने समझाया कि अब उनकी अवस्था हो गई है और वे जीवन के वानप्रस्थ के इस चरण में अब सांसारिक दायित्वों से धीरे-धीरे निवृत्त होकर धार्मिक तथा आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। कुछ ही महीनों में उनकी अवस्था संन्यास आश्रम की हो जाएगी।

रानी कैकेई ने कहा, ''परिस्थितियों को देखते हुए आपका यह निर्णय दूरगामी है महाराज! अब चारों पुत्र बड़े हो गए हैं और राज्य के हित में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार भी हो गए हैं। उनके विवाह के बाद अब न सिर्फ आपके लिए बल्कि हम तीनों के लिए भी अपने उत्तरदायित्वों से निवृत्त होने का अवसर आ गया है। किंतु राजपद अभी छोड़ना उचित नहीं है महाराज!''

राजा दशरथ ने पूछा, ''तो ऐसी स्थिति में क्या उपाय होना चाहिए?''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# आडवाणी-जोशी टकटकी लगाए देख रही हैं

अखबार उठाकर,
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज पीएम मोदीजी के लिए
एक दुविधात्मक स्थिति की खबर-
दिल्ली के मुखर मुख्यमंत्री
अरविन्द केजरीवाल ने याद दिलाया कि
पचहत्तर साल उम्र हो जाने के बाद
बीजेपी के संगठन में और
सरकार में भी किसी को
कोई पद नहीं दिया जाएगा''
ऐसा रूल 2014 में पीएम बनने के बाद
खुद मोदीजी द्वारा बना दिया गया।
इसी के तहत लालकृष्ण आडवाणी,
मुरली मनोहर जोशी, यशवन्त सिन्हा को
रिटायर किया गया।
तो अब केजरीवाल ने सवाल पूछा है कि
पीएम मोदीजी बताएं-
पचहत्तर साल के बाद
वे प्रधानमंत्री रहेंगे या नहीं?''
गजाधर! आम आदमी पार्टी के संयोजक,
अरविन्द केजरीवाल की,
यह ''प्रश्नात्मक उत्सुकता'' तो है सही।
तो आज आप बताएं,
आप मोदीजी की मन:स्थिति को
किस रूप में 'लेख' कर रहे हैं?
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
आडवाणी जी और
मुरली मनोहर जोशी जी
दबंग प्रधानमंत्री मोदीजी की ओर,
टकटकी लगाए देख रहे हैं।''




-गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -068

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 067 का हल**



## सू- दोकू क्र.068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.067 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## राशिफल

**मेष** – आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृषभ** – आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा।

**मिथुन** – आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है।

**कर्क** – आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है।

**सिंह** – आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या** – आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

**तुला** – आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक** – आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे।

**धनु** – आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है।

**मकर** – आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

**कुंभ** – आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद कर सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

## कविता

# ऊँट किस करवट बैठेगा

परिणाम से पहले
लोग अटकलें लगा रहे हैं,
खाते-पीते, उठते-बैठते
जीत के सपने सजा रहे हैं।
सबको भरोसा है,
परिणाम, स्वयं के पक्ष में आने
का, मन करने लगा है सबका
खुशी के गीत गाने का।
कुछ लोग स्वप्न में
इतिहास लिख रहे हैं।
सारे कार्यकर्ता जश्न की
तैयारी करते दिख रहे हैं।
नेता जी खुश है,
कार्यकर्ता उत्सुक हैं,
परिणाम दिवस के लिए
डी जे, धमाल करने लगे बुक
हैं। हलवाई के दुकान में
लड्डू का जोर है,
हॉटेल, पान ठेला
हर जगह राजनीतिक शोर है।
टी वी में हर पार्टी,
जीत का दावा ठोक रहे हैं,
एक दूसरे का सुनते नहीं,
केवल टोंक रहे हैं।
लोकतंत्र है बोलिये, सबको
हक है, किन्तु, किसे सिंहासन
मिलेगा, कौन ऐंठेगा,
परिणाम निकलने पर ही
पता चलेगा- कि ऊंट
किस करवट बैठेगा।।



राम कुमार चन्द्रवंशी
बेलरगोंदी (छुरिया)
जिला-राजनांदगांव (छ. ग.)
मो.9179798316

# पटेल समाज और संतोष पांडेय के साथ शिवमहापुराण समिति का बैठक सम्पन्न

गंडई पंडरिया (दावा)। आगामी 18 जून से गंडई से पंडरिया पहुंच मार्ग में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल से लगे हुए गोंडवाना मैदान में पंडित प्रदीप मिश्रा लाखों शिवभक्तों को शिव महापुराण की कथा का रस पान कराएंगे। लाखों की भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा इसे लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई है। इसी कड़ी में पटेल समाज का भरपूर योगदान प्राप्त करने समिति ने बैठक का आयोजन किया। बैठक शासकीय कन्या शाला जाने वाले मार्ग में स्थित पटेल समाज के नवनिर्मित भवन में दोपहर 02 बजे सम्पन्न हुआ।

बैठक के दौरान समिति के खम्हन ताम्रकर ने पटेल समाज के प्रमुखों के साथ संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में पटेल समाज की बहुत बड़ी जनसंख्या है पटेल समाज संगठित समाज है और बड़े बड़े आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पादित कर चुकी है। श्री ताम्रकार ने कहा कि आप सब समाजिक बन्धुओं का शिवमहापुराण कार्यक्रम में भागीदारी आवश्यक है। हम सबका हर संभव प्रयास है कि हर समाज हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जोड़े। शिवमहापुराण का उक्त कार्यक्रम हम सभी के लिए गर्व की बात है। ऐसे में पटेल समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है।



**0 शिवमहापुराण कथा में पटेल समाज का पूर्ण सहयोग की आग्रह लेकर समिति के साथ बैठक सम्पन्न**

**0 कलश यात्रा, भोजन व्यवस्था और श्रमदान में पटेल समाज निभाएगी विशेष भूमिका**

### पटेल समाज के महिलाओं की भूमिका रही

पटेल समाज 3 मुख्य बिन्दुओं में कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकती है। 17 जून को कलश यात्रा निकाली जानी है जिसमें पटेल समाज की महिलाएं भाग ले कर इस कलश यात्रा को भव्यता का परिचय दे सकती है।

दूसरा भोजन भंडारे में समाज अपना पूरा सेवा कर हर दिन लाखों भक्तों की सेवा में अपना योगदान दे सकती है।

वही सबसे महत्वपूर्व योगदान श्रमदान है इस प्रकार आप सबकी सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पायेगा। हालांकि कार्यक्रम में सभी वर्गो का पूरा सहयोग मिल रहा है। पटेल समाज का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान पटेल समाज के प्रमुखों ने कार्यक्रम में हर प्रकार से भरपूर सहयोग देने की बात कही।

### कार्यक्रम से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी लेने कथा स्थल पहुंचे संतोष पाण्डेय

धार्मिक आयोजनों में विशेष श्रद्धा और रुची रखने वाले सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे पंडित प्रदीप मिश्रा के गंडई में होने वाले शिव महापुराण कथा के आयोजन में अपनी सहभागिता देने और व्यवस्थाओ को लेकर जानकारी लेने समिति के बीच शिव महापुराण कार्यलय में पहुँचे। इस दौरान उन्होंने उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जायजा लिया और व्यवस्थाओं की सभी बिन्दुओं में चर्चा किये। साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर अपनी विचार भी रखे। लगभग 4:30 में उनका आगमन हुआ और वे करीब 1 घंटे तक समिति के साथ चर्चा किए। उक्त आयोजन को लेकर खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गंडई के मान को और ऊंचा करने वाला है। इसी दौरान समिति ने उनसे आग्रह किये की इस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है आपकी उपस्थिति और मार्गदर्शन में ही कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपादित होगा। इस पर उन्होंने सहर्ष कार्यक्रम में अपनी सम्पूर्ण सहभागिता की बाते कही। इस दौरान सुनील गोयल, जितू गोयल, गोल्डी अग्रवाल, सुधांशू यादव, अनिल जैन, मुकेश पटेल एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, खम्हन ताम्रकर, राकेश ठाकुर, दूजे वर्मा, लीला साहू, पटेल समाज के मुख्य व्यक्ति पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# रुचि ने महाविद्यालय में अपनी पुस्तकें एवं नोट्स दान की



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए परिस्थिति की पाठशाला कोष अंतर्गत निःशुल्क अध्ययन सामाग्री जैसे पुस्तक, पेन, कॉपी, आर्थिक सहायता आदि प्रदान की जाती है ताकि कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने में पिछड़ न जायें। महाविद्यालय की इसी सोच से प्रभावित होकर महाविद्यालय के एम. कॉम. की भूतपूर्व छात्रा रूचि जैन ने अपनी पुस्तकें एवं नोट्स महाविद्यालय के परिस्थिति पाठशाला हेतु प्राचार्य को दान किया ताकि उनका लाभ अन्य विद्यार्थियों को मिल सके। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने रूचि की इस कार्य की सराहना करते हुए महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी रूचि से प्रेरणा लेने की बात कही।

## पहला कॉलम...

### गुम व्यक्ति की तलाश में परिजन



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम नांगतराई निवासी भोजदास वर्मा, कद 5.3 फीट, शरीर दुबला पतला, रंग सांवला, 21 मई दिन मंगलवार को आपने निज निवास नांगतराई से कहीं चले गए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुम व्यक्ति काला चेक कलर का कपड़ा पहने हुए हैं। परिजनों ने निवेदन किया है कि जिस किसी को भी पता चले वे दिए गए पते पर सूचित करने का कष्ट करें।

### तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन



छुरिया (दावा)। बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा के विकास में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से विकासखण्ड छुरिया में दिनांक 24 मई से 26 मई तक तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरिया में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को कुमर्दा एवं छुरिया दो जोन में विभक्त किया गया है। इस प्रशिक्षण के तहत बालवाड़ी संचालित प्राथमिक शालाओं के कक्षा 1 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जाना है। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती शिक्षिका पद्मा लहरे एवं श्रीमती करूणा पाटिल सुपरवाईजर कल्लूबंजारी है।

प्रथम दिवस के प्रशिक्षण की शुरूआत मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स शिक्षिका श्रीमती पद्मा लहरे ने प्रशिक्षण को गति प्रदान करते हुए बालवाड़ी शिक्षा पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए कहा इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि कक्षा का प्रत्येक बच्चा खुशी-खुशी स्कूल आए और आनंदमय वातावरण में शिक्षा ग्रहण करें। हमें बच्चों तक ऐसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है जिससे कक्षा 1 में प्रवेश लेने के साथ ही सभी बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं मानसिक उर्जा के साथ अपेक्षित दक्षताओं को पूरा कर सके साथ ही बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के में दक्ष हो सके। प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने की दृष्टि से बालवाड़ी प्रशिक्षण बच्चों में आनंदमयी एवं नई उर्जा का संचार करेगी। इस प्रशिक्षण में बालवाड़ी संचालित प्राथमिक शालाओं के एक-एक शिक्षकों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

### पी.एम.श्री प्राथमिक शाला कंडरा पारा डोंगरगढ़ में समर कैंप का बेहतर आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पी.एम.श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला कंडरा पारा डोंगरगढ़ में समर कैंप का आयोजन 20 मई से 24 मई तक किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित रूप से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे बहुत ही उत्साहित होकर सम्मिलित हुए। विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत कविता, कहानी लेखन, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग पेंटिंग, गीत संगीत एवं योगाभ्यास आदि गतिविधियां नियमित रूप से विषय विशेषज्ञों द्वारा करवाई गई।



समर कैंप के बेहतर आयोजन में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती विरेन्द्र कौर गरचा, विकास खंड स्रोत समन्वयक इनायत अली, संकुल समन्वयक सुरेश सहारे का विशेष मार्गदर्शन नियमित रूप प्राप्त होता रहा। साथ ही इनके द्वारा समर कैंप का नियमित अवलोकन किया गया एवं समय समय पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इसी तारतम्य में सहायक कार्यक्रम समन्वयक रफीक अंसारी एवं पी. आर. झाड़े द्वारा भी समर कैंप का औचक निरीक्षण किया गया एवं बेहतर संचालन हेतु मार्गदर्शन भी दिए गए। विषय विशेषज्ञ धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, दिलीप शर्मा, श्रीमती अनुराधा राव, हीरालाल मौर्य एवं श्रीमती कमलेश्वरी वर्मा द्वारा नियमित रूप से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर छात्र छात्राओं में विभिन्न रचनात्मक कौशलों का विकास किया गया। समर कैंप के बेहतर आयोजन में प्रधान पाठक श्रीमती बाया वर्मा, अमित वर्मा, हिलेश्वर वर्मा श्रीमती भारती साहू, श्रीमती सुषमा देवांगन एवं श्रीमती निशा मिश्रा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# समर कैंप से बच्चों को मिला पांच विधाओं का ज्ञान

कल्लूबंजारी (दावा)। गत 20 मई से 24 मई तक छुरिया विकासखंड के पीएमश्री प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब में पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पांच विधाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा बच्चों को पांच विधाओं की शिक्षा दी गयी।

समापन अवसर पर गत 24 मई को उपस्थित विधा विशेषज्ञ शिक्षकों को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा श्रीफल, वस्त्र भेंटकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। पीएमश्री प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब में पांच दिवसीय समर कैंप में नियमित रूप से उपस्थित होकर विधा विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा पांच अलग-अलग विधाओं पर शिक्षा दिया गया। योग एवं ध्यान के विशेषज्ञ व्यायाम व योगा शिक्षक रोशन वर्मा एवं संगीत शिक्षक सुदर्शन सेन ने योग एवं ध्यान शिक्षा के तहत बच्चों को विभिन्न प्रकार के नियमित उपयोगी योगा, प्राणायाम, लोम-अनुलोम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कहानी एवं रचनात्मक लेखन के विशेषज्ञ शिक्षक हेमलाल सहारे ने छोटे-छोटे कहानी बताकर बच्चों को कहानी एवं रचनात्मक लेखन का अभ्यास कराया। नृत्य व संगीत की विधा सिखाने के लिए उपस्थित गीतकार एवं साहित्यकार शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने अपनी टीम के साथ स्थानीय स्तर के विभिन्न प्रकार के पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व हिन्दी गीत, वंदना, भजन, राज्यगीत, करमा, ददरिया, पंथी, जसगीत, होली गीत का संगीतमय गायन कर बच्चों को लयबद्ध तरीके से हारमोनियम के साथ मिलाकर लयबद्ध गीत गाने, नृत्य करने एवं वाद्ययंत्र बजाने का अभ्यास करवाया।



समापन अवसर पर विधा विशेषज्ञों का किया गया सम्मान

पेंटिंग व ड्राइंग के विशेषज्ञ शिक्षक प्रीतम कोठारी ने पेंटिंग व ड्राइंग के तहत विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व के चित्रकारी का अभ्यास कराया। स्पोकन इंग्लिश के विशेषज्ञ शिक्षक भूपेन्द्र दास वैष्णव ने दैनिक उपयोगी छोटे एवं सरल अंग्रेजी शब्दों का अभ्यास कराकर बच्चों को स्पोकन इंग्लिश की गतिविधियां करवाया।

समापन सभा को संबोधित करते हुए गांव के गणमान्य नागरिक मयाराम साहू ने कहा कि दूसरे अलग-अलग एवं दूरस्थ शालाओं से आकर हमारे गांव के बच्चों को समर कैम्प के माध्यम से अलग-अलग विधा विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा पांच दिवस तक अलग-अलग तरह के पांच विधाओं पर शिक्षा दिया। ये हमारे लिए एवं हमारे गांव के बच्चों के लिए सौभाग्य का विषय है। सभी शिक्षक अपने-अपने विधाओं के विशेष जानकर एवं विशेषज्ञ है। ऐसे विशेषज्ञ शिक्षकों का सानिध्य पाकर हम गौरवान्वित हुए है। समय-समय पर इस तरह का कैम्प लगते रहना चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण हो सके। श्री साहू ने सभी विशेषज्ञ शिक्षकों के प्रति आभार माना। साहित्यकार शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने कहा कि पांच दिवस की अल्प समय में बच्चों को कोई भी विधा का पूरा अभ्यास करा पाना संभव नहीं है। फिर भी हमें जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। उस जिम्मेदारी का हमने अपने क्षमता के अनुरूप निर्वहन करने का प्रयास किया। हमने बच्चों का जितना अभ्यास कराया उसे नियमित रूप से उपयोग करेंगे तो निश्चित रूप से उनके जीवन के लिए उपयोगी साबित होगी तथा उनके सर्वांगीण विकास में मददगार बनेगा। विधा विशेषज्ञों को दिया गया सम्मान सदा अविस्मर्णीय रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विधा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित शिक्षक गण एवं वाद्य कलाकर गण रोशन वर्मा, सुदर्शन सेन, हेमलाल सहारे, दिनेश कुमार कुरेटी, टोमन कोहकट्ठा, यादराम मंडावी एवं गैतराम का शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष धनवाराम पडोटी एवं गणमान्य नागरिक मयाराम साहू ने श्रीफल, वस्त्र भेंटकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक जीवराखन लाल उइके ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगण, गणमान्य नागरिकगण, सहायक शिक्षक राजकुमार सिंह एवं शाला के बच्चे उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा पैदल गस्त कर शहर के होटल/लॉज/ढाबों को किया चेक

**गस्त के दौरान असमाजिक तत्वों को समाज एवं शहर में गंदगी फैलाने से रोकने हेतु दी गई आवश्यक समझाईस**



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के आदेशानुसार एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश में थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराधों के रोकथाम हेतु दिनांक 25 मई के शाम को एसडीओपी आशिष कुंजाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी.आर. चन्द्रा एवं रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से निरीक्षक संग्राम सिंह एवं अन्य 20-25 पुलिस अधिकारी/कर्मकारी द्वारा डोंगरगढ़ शहर में पैदल घुमकर शहर के होटल/ढाबा/लॉज का चेक किया गया।

साथ ही गुण्डा बदमाशों को चेक करते हुये गस्त दौरान नशेड़ियों, गंजेड़ियों एवं असामाजिक तत्व को पकड़कर शहर एवं समाज में गंदगी फैलाने से रोकने हेतु आवश्यक समझाईस एवं हिदायत दिया गया है। थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर, नाकाबंदी की कार्यवाही कर एवं होटल/ढाबा/ लॉज चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है।

# तीरथ बने डोंगरगांव नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष



डोंगरगांव(दावा)। नगर इकाई डोंगरगांव देवांगन समाज की कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को देवांगन भवन डोंगरगांव में हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से तीरथराम देवांगन शिक्षक अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, सचिव अनिल कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष डोल देवांगन, सहसचिव टेकेश्वर देवांगन निर्विरोध चुने गए, चुनाव कार्य समाज के संयोजक अकबर देवांगन के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डोंगरगांव राज के अध्यक्ष मुकेश देवांगन, सचिव पुखराज देवांगन, सहसचिव लखन लाल देवांगन उपस्थित रहे। पुषण लाल देवांगन एवं नरेंद्र देवांगन चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य किया। चुनाव कार्य में देवांगन समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन शामिल हुए। समाज के सभी स्वजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# कलेक्टर एस. जयवर्धन ने की स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कामकाज और जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करते जन सामान्य को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारी मैदानी स्तर के अम्लों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधा सुलभ होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने एवं अन्य योजनाओं में लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।



**० आम नागरिकों के साथ सरलता से व्यवहार कर, करें उपचार-कलेक्टर**

**० आयुष्मान कार्ड एवं मरीजों के इलाज के लिए जरूरी दस्तावेज की कमी के लिए लोगों को करें जागरूक**

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि चिकित्सा केंद्र में आने वाले आम नागरिकों के साथ आप सरलता से व्यवहार कर उनकी परेशानियों को सुने और उपचार करें। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक की समीक्षा कर जिले में हॉट बाजार क्लिनिक की सेवा संचालन बेहतर ढंग से करने कहा एवं सुदूरवनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का उपचार करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि, आयुष्मान कार्ड केवाईसी रिपोर्ट की जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड शासन की महत्वपूर्ण योजना एवं मरीजों के इलाज के लिए जरूरी दस्तावेजों की कमी के लिए लोगों को जागरुक व प्रचार प्रसार कर आम नागरिकों को लाभान्वित करें। साथ ही उन्होंने चिरायु योजना अंतर्गत स्कूली एवं आंगनबाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कोई समस्या होने पर चिरायु योजना से बच्चों को जोड़ कर योजना का लाभ दिलाए। उन्होंने जिले को टीवी मुक्त करने कार्य योजना बनाकर अभियान के रूप में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निक्षय मित्र पंजीयन कर टीवी मरीजों की सहयोग करें।

कलेक्टर ने शासकीय अस्पतालों की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में बैठक, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए। अस्पताल में संचालित पैथोलॉजी लैब में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस आर मांडवी, डीपीएम विकास राठौर, सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के कैडेट्स ने प्राप्त किये मेडल

डोंगरगढ़ (दावा)। 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव द्वारा 10 दिन का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप जेएलएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल केसर नगर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के एनसीसी कैडेट्स एवं केयर टेकर ने भाग लिया था, जहां पर उनका प्रदर्शन काफी सराहनी रहा। उक्त शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें डॉज बाल गेम में नेहरू महाविद्यालय के मनभा बी. ए. प्रथम वर्ष, भूमिका बीएससी प्रथम वर्ष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में आयोजित व्हालीवाल प्रतियोगिता में तामेश्वर बीएससी अंतिम वर्ष, सत्यव्रत वर्मा व दुष्यंत बीए भाग दो तथा चिराग विजयवार बीए प्रथम वर्ष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त सभी एनसीसी कैडेट्स को उत्कृष्ट प्रदर्षन हेतु 38 एनसीसी बटालियन के अधिकारियों द्वारा मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसके लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सहित एनसीसी के केयर टेकर गुलशन सिन्हा एवं महाविद्यालय परिवार ने कैडेट्स को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स की बैठक सम्पन्न

दुर्ग। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़कॉमर्स युवा विंग के अध्यक्ष रवि केवलतानी ने बताया कि आज सुबह 10.30 बजे सिंधु भवन, दुर्ग में इंद्रा मार्केट व्यापारी संघ के साथ बैठक का आयोजन किया गया था जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला , अध्यक्ष प्रह्लाद रुंगटा, चेयरमैन पवन बडजात्या , कैट अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी , इंद्रा मार्केट अध्यक्ष मितेश पटेल , सचिव अनुज अग्रवाल और श्याम शर्मा मंच में उपस्थित थे। मुख्य समस्या है की मूलभूत सुविधा के अभाव में ग्राहक बाज़ार में आना कम कर दिए है । अब ग्राहक के पास विकल्प है डी-मार्ट, जिओ मार्ट , वालमार्ट और माल इत्यादि। मूलभूत सुविधा में महिला सौचालय , पार्किंग , हाथ ठेला जगह जगह दुकान लगाते है, लाइटिंग व्यवस्था, सीसीटीवि की व्यवस्था , पीने का पानी की व्यवस्था, अतिक्रमण आदि पे चर्चा हुई ।

# पहला कॉलम...

## हीरो फिनकॉर्प पर आरबीआई ने लगाया 3.1 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने हीरो ग्रुप की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी हीरो फिनकॉर्प पर लाखों का जुर्माना ठोका है. आरबीआई ने इस हक्कनष्ट पर कुल 3.10 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है. कंपनी पर आरबीआई ने फेयर प्रैक्टिस कोड से जुड़े कुछ नियमों का पालन नहीं करने के कारण यह पेनल्टी लगाई है. रिजर्व बैंक ने इस बारे में कहा कि कंपनी पर रेगुलेटरी कारणों से कार्रवाई की गई है. इस जुर्माने का ग्राहकों पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा. रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि हीरो फिनकॉर्प ने अपने ग्राहकों को उनकी लोकल भाषा में लिखित तौर पर कर्ज के नियम और शर्तों को नहीं समझाया. आरबीआई के नियमों के अनुसार किसी भी बैंक और हक्कनष्ट को किसी भी ग्राहक को लोन देने के लिए लोकल भाषा में लिखित तौर पर सभी नियमों को समझाना आवश्यक है. कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद आरबीआई ने 31 मार्च 2023 को कंपनी का निरीक्षण किया था.

रिजर्व बैंक ने कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद पहले उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन आरबीआई कंपनी के जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाया. उसके बाद केंद्रीय बैंक ने इस हक्कनष्ट पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना ठोका.

11 साल की उम्र में किया ग्रेजुएशन, बहन ने तोड़ा भाई का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। 11 साल की एक विदेशी लड़की चर्चा में है. उसने इस छोटी सी उम्र में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर ली है. उसकी ग्रेजुएशन कैप और गाउन का साइज भले ही उसके क्लासमेट्स की तुलना में छोटा रहा हो लेकिन उसके सपने उन सबसे बहुत बड़े हैं. हम बात कर रहे हैं एथेना एलिंग की. एथेना ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में स्थित इर्विन वैली कॉलेज से असोसिएट की डिग्री हासिल की है.

मात्र 11 साल की उम्र में इस कॉलेज से असोसिएट डिग्री हासिल करने वाली वह सबसे छोटी स्टूडेंट हैं. इस मामले में उन्होंने अपने ही भाई टाइको एलिंग का रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें पीछे छोड़ दिया है. ज्यादातर स्टूडेंट्स 19-25 साल की उम्र में ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर पाते हैं. लेकिन एलिंग खानदान के इन दोनों बच्चों ने सिर्फ 11 साल की उम्र में यंगेस्ट ग्रेजुएट होने का रिकॉर्ड अपने नाम पर कर लिया. जानिए ऐसा कैसे हुआ. एथेना एलिंग की मां क्रिस्टीना चाऊ ने यूएसए टुडे को एक इंटरव्यू दिया है. इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि एथेना एलिंग ने 11 साल की उम्र में लिबरल आर्ट्स में असोसिएट्स की डिग्री हासिल की है. उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में कम्युनिटी कॉलेज से बहुत मदद मिली. कॉलेज ने उनकी बेटी को अलग-अलग फील्ड्स को एक्सप्लोर करने का मौका दिया. बीते एक साल में उनकी बेटी डिवोर्स अटॉर्नी, एलर्जिस्ट और एक्टर आदि बनने की इच्छा जता चुकी है.

## विदेशी खिलाड़ी शिमरोन हेटमायर पर लगा आचार संहिता के उल्लंघन का जुर्माना

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मुकाबले में मिली हार के साथ ही राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल 2024 में सफर खत्म हो गया है। इसी बीच मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के एक खिलाड़ी को डबल नुकसान का सामना करना पड़ा है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि राजस्थान रॉयल्स के विदेशी खिलाड़ी शिमरोन हेटमायर हैं। शिमरोन हेटमायर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ क्वालीफायर 2 के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि राजस्थान रॉयल्स के शिमरोन हेटमायर पर 24 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के क्वालीफायर 2 के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## सड़क हादसा, ट्रक से टकराया श्रद्धालुओं से भरा टेंपो, 3 की मौत

नई दिल्ली। यूपी में प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में कर्नाटक के 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। वहीं इस हादसे में 14 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार रात 12 बजे की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा बीकापुर कोतवाली के शेरपुर पारा के पास स्थित प्रयागराज हाईवे पर हुआ। सभी श्रद्धालु कर्नाटक के गुलबर्गा के रहने वाले हैं और वे गुलबर्गा से सीधे काशी गए थे। काशी से सभी लोग टेंपो ट्रैवलर में सवार होकर अयोध्या स्थित रामलला के दर्शन के लिए जा रहे थे। टेंपो ट्रैवलर में कुल 22 लोग सवार थे। इस दौरान टेंपो जब शेरपुर पारा के पहुंची तो उसकी टक्कर ट्रक से हो गई। मरने वालों में गुलबर्गा निवासी शिवपूजन 56, तनसया 45, और शिवराज 60 है।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने साधा गोल्ड पर निशाना, मिक्स्ड टीम को सिल्वर




नई दिल्ली। येचियोन ( दक्षिण कोरिया ). भारतीय तीरंदाजों का आर्चरी वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन जारी है. ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया.

जबकि मिश्रित टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा. दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम युवा की टीम को 232- 226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया. एशियाई खेल चैम्पियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई.

ज्योति, परनीत और विश्व चैम्पियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई. उन्होंने पिछले महीने शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में इटली को हराकर स्वर्ण जीता था. वहीं पिछले साल पेरिस में चौथे चरण में भी स्वर्ण हासिल किया था. कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया और अगले तीन तीरों पर एक एक अंक ही गंवाया.

छह तीर के दूसरे दौर में भारत ने पांच परफेक्ट 10 और दो एक्स तथा एक 9 के स्कोर के साथ बढत चार अंक की कर ली. तीसरे दौर में तुर्की ने चार 10, एक एक्स लगातार वापसी की पूरी. भारत ने एक बार फिर तीन 10 और एक एक्स के साथ 58 स्कोर करके जीत दर्ज की. दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता.

ज्योति और प्रियांश ने पहले दौर में 40 में से 39 अंक लेकर दो अंक की बढ़त बना ली थी. वे हालांकि इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके और अमेरिकी टीम ने ब्रेक तक बराबरी कर ली. इसके बाद अमेरिकी टीम ने तीसरे दौर में परफेक्ट 40 स्कोर करके एक अंक की बएत बनाई. ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआु में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया. कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे पहले व्यक्तिगत विश्व कप पदक से एक जीत दूर हैं. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 2021 विश्व चैम्पियन और दुनिया के छठे नंबर के तीरंदाज आस्ट्रिया के निको वीनेर को हराया. अब उनका सामना दुनिया के सातवें नंबर के तीरंदाज जेम्स लुत्ज से होगा.

# हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आज होगा खिताबी भिड़ंत

चेन्नई । सनराइजर्स हैदराबाद ने शाहबाज अहमद की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को हराकर आईपीएल 2024 सीजन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। हैदराबाद की टीम इससे पहले 2018 सीजन के खिताबी मुकाबले में पहुंची थी जहां उसे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था। हैदराबाद की टीम ने 2018 के बाद कभी खिताबी मैच में प्रवेश नहीं किया था और अब छह साल बाद वह फाइनल खेलने उतरेगी। हैदराबाद का मुकाबला रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा जिसने क्वालिफायर-1 में सनराइजर्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन हैदराबाद ने खराब शुरुआत से उबरते हुए हेनरिच क्लासेन के 34 गेंदों पर 50 रन की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में ध्रुव जुरैल ने अर्धशतक जड़कर टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन जरूरी रन रेट इतना ज्यादा था कि जुरैल की कोशिश भी काम नहीं आ सकी। राजस्थान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन बनाए। हैदराबाद के लिए इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे स्पिनर शाहबाज अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। शाहबाज ने तीन विकेट लिए और राजस्थान की पारी लड़खड़ा दी।

राजस्थान की टीम की यह आईपीएल प्लेऑफ में 11 मैचों में छठी हार है। आईपीएल प्लेऑफ में सर्वाधिक मैच हारने वाली राजस्थान छठी टीम है।

# जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया




एंटवर्प । भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में बेल्जियम को 4-2 से हरा दिया।

भारत के लिए कनिका सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे।

भारतीय टीम शुरुआत से ही लय में नजर आई और उसने पहले क्वार्टर में ही दबदबा बना लिया। शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर पर कनिका ने भारत को बढ़त दिला दी। उसी क्वार्टर में कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

भारत ने अपनी लय दूसरे क्वार्टर में भी बरकरार रखी लेकिन इस क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने आधे समय तक 2-0 की अपनी बढ़त बरकरार रखी। तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर सहित कुछ मौके मिले लेकिन भारतीय डिफेंस ने बेल्जियम को रोके रखा।

आखिरी क्वार्टर में बेल्जियम ने अपना गतिरोध तोड़ते हुए जल्दी-जल्दी दो गोल दागे और निर्धारित समय में स्कोर बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने 4-2 से बाजी मार ली। भारतीय जूनियर टीम अपना अगला मुकाबला जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा में खेलेगी।

# पीवी सिंधु ने फाइनल में बनाई जगह

## सेमीफाइनल में दीथाईलैंड की खिलाड़ी को मात

नई दिल्ली। मलेशिया मास्टर्स 500 में भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। सेमीफाइनल में पीवी सिंधु का मुकाबला थाईलैंड की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान से हुआ जो काफी शानदार फॉर्म में चल रही थीं। सिंधु और बुसानन के बीच ये मैच 88 मिनटों तक चला जिसमें तीन सेट खेले गए। इस मैच के पहले सेट में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उन्होंने बेहतरीन तरीके से वापसी करने के साथ अगले 2 सेटों को एकतरफा तरीके से अपने नाम करने के साथ फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाबी हासिल की। पिछले एक साल ये पहला मौका है जब सिंधु किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलते हुए दिखाई देंगी।



पीवी सिंधु के लिए सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। उन्हें पहले सेट में थाईलैंड की खिलाड़ी बुसानन से 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस सेट के दौरान सिंधु साफतौर पर दबाव में नजर आईं, इसके बाद दूसरे सेट का खेल शुरू होने के साथ सिंधु ने अपने खेल की रणनीति को बदलने के साथ आक्रामक रुख अपनाया जो उनके लिए कारगर भी साबित हुआ। सिंधु ने दूसरे सेट को 21-16 से अपने नाम करने के साथ इस मैच को बराबरी पर ला दिया। वहीं तीसरे सेट में पूरी तरह से सिंधु ने अपने दबदबे को बनाए रखा और बुसानन को 21-12 से मात देने के साथ मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली। सिंधु का क्व्ब्रुस्न वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में उनके करियर का चौथा फाइनल होगा। सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी हान यू को मात दी थी।

मलेशिया मास्टर्स 2024 में पीवी सिंधु को अब फाइनल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी वांग झी यी से मुकाबला खेलना है। 15वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक से पहले ये जीत उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में काफी अहम साबित होगी। हाल में ही भारतीय खेल मंत्रालय ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेले जाने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को लेकर सिंधु को जर्मनी में तैयारी करने की मंजूरी भी दी थी।

# गांधी-अंबेडकर पर जाह्नवी कपूर का विवादित बयान



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर को लेकर विवादित बयान दिया है, जिससे दलित समाज के लोग भड़क गए हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की जमकर क्लास लगाई है। उनका बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आलम ये है कि सोशल मीडिया यूजर्स ने भी जाह्नवी को जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया है। बता दें कि एक्ट्रेस आजकल अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपने को-एक्टर राजकुमार राव के साथ एक इवेंट में पहुंची थीं, जहां उन्होंने महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर पर बात की। एक्ट्रेस ने अपने हालिया इंटरव्यू में महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर पर बात की। उन्होंने कहा, 'गांधी और अंबेडकर के बीच बातचीत के दौरान गहमागहमी को देखना काफी इंटरेस्टिंग हो सकता है। दोनों किस बात के लिए एक साथ खड़े थे और कैसे बाद में उनके विचार बदलते चले गए? सबसे बड़ी बात कि दोनों ही एक-दूसरे के विचारों से सहमत थे। गांधी और अंबेडकर ने देश की जनता की बहुत मदद की है। उन दोनों के बारे में पढ़ना और उन्हें जानना काफी इंटरेस्टिंग है।' जाह्नवी कपूर ने आगे कहा, 'भीमराव अंबेडकर कर बात करें तो वो अपने विचारों को लेकर हमेशा से सख्त रहे हैं। उनका तर्क हमेशा स्पष्ट रहा है लेकिन महात्मा गांधी के विचार समय के साथ-साथ बदलते चले गए थे। दरअसल, वो समय के साथ ही जाति-भेदभाव से जुड़ी चीजों से अवगत होते गए। अगर तीसरे व्यक्ति के तौर पर उनके विचारों को जीना और उसके बारे में जानना दोनों में बहुत फर्क है।'

उधर, सोशल मीडिया पर जैसे ही जाह्नवी कपूर का ये बयान वायरल हुआ तो दलित समाज भड़क गया। लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। इस बीच एक यूजर ने लिखा, 'इन्हें बिल्कुल भी आइडिया नहीं है कि ये क्या बोल रही हैं?' दूसरे यूजर ने लिखा, 'सरकारी स्कूल का बच्चा इससे ज्यादा जानता है। अगली बार अच्छे से पढ़कर आना।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'आपको अपने विचार अपने पास रखने चाहिए। पहले दोनों के बारे में अच्छी तरह से पढ़ो और फिर बोलो।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'एक्टिंग करो, नेता बनने की कोशिश मत करो।'

# टर्बुलेंस में फंसे विमान के 43 यात्री अस्पताल में

सिंगापुर। टर्बुलेंस की चपेट में आए सिंगापुर एयरलाइंस के विमान में घायल हुए यात्रियों का इलाज बैंकॉक के अस्पतालों में चल रहा है। हादसे के चार दिन बाद भी 43 मरीज बैंकॉक के तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती है।

डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती सभी लोग खतरे से बाहर हैं। समितिवेज श्रीनाकारिन अस्पताल में 34 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से सात गहन देखभाल में हैं। इनसें 3 ऑस्ट्रेलियाई, 2 मलेशियाई, एक ब्रिटिश और एक न्यूजीलैंड का नागरिक है।

अस्पताल में भर्ती 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह यात्रियों के सिर में चोट आई है।

# गौतम गंभीर को टीम इंडिया का हेड कोच बनने से शाहरुख खान ने रोका?



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच का पद इन दिनों चर्चाओं में बना हुआ है. मौजूदा वक्त में राहुल द्रविड़ कोच की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो जाएगा. ऐसे में टीम इंडिया नए होड की तलाश में लगी हुई है.

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर गौतम गंभीर को अगले हेड कोच के रूप में देखा जा रहा है. लेकिन क्या शाहरुख खान गंभीर को टीम इंडिया का हेड कोच बने से रोक रहे हैं? आइए समझतें हैं पूरा माजरा. गंभीर इसी साल यानी आईपीएल 2024 से ही कोलकाता के मेंटॉर बने हैं. गंभीर की मेंटॉरशिप में टीम टूर्नामेंट के फाइनल तक भी पहुंच गई. ऐसे में केकेआर गंभीर को बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेगी और टीम इंडिया का हेड कोच बनने के लिए उन्हें बाकी किसी भी टीम का साथ छोड़ना होगा. रिपोर्ट्स की माने तो गंभीर ने अब तक हेड कोच की पोज़ीशन के लिए अप्लाई नहीं किया है. गंभीर का पद के लिए अप्लाई न करने की सबसे बड़ी वजह उनका केकेआर के साथ मौजूदा कार्यकाल है. गंभीर की कप्तानी में कोलकाता दो ट्रॉफी जीत चुकी है. अब टीम उनकी मेंटॉरशिप में भी चैंपियन बनती हुई दिख रही है.

## प्रथम पेज का शेष

**राजकोट के गेम जोन में आग, 27 की मौत.....**

में आग की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। घायलों के तत्काल उपचार की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देगी। इतना ही नहीं मामले की जांच के लिए एसआईटी की टीम का गठन किया है।

राजकोट आग की घटना पर राजकोट कलेक्टर प्रभा जोशी ने कहा कि हमें शाम करीब 4.30 बजे कॉल आया था। गेमिंग जोन में अस्थायी संरचना ढह गया था। करीब 2 घंटे पहले आग पर काबू पा लिया गया था। मलबा हटाया जा रहा है। हम सीएम के लगातार संपर्क में हैं।

राजकोट के गेम जोन में लगी आग पर बीजेपी विधायक दर्शिता शाह ने कहा कि आज राजकोट में बहुत दुखद घटना हुई है। राजकोट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि गेम जोन में आग लगने से बच्चों की जान गई है। बचाव दल ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने की पूरी कोशिश कर रहा है। सरकार इस मामले पर कार्रवाई करेगी लेकिन अभी प्राथमिकता ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाना है।

**सबसे बड़ी बारूद फैक्ट्री में जोरदार धमाका..**

में हुए ब्लास्ट को लेकर सवाल उठाया है। पूर्व सीएम बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बेमेतरा में बारूद फैक्टरी में हुए ब्लास्ट से 10-12 श्रमिकों के असामयिक निधन का दुःखद समाचार मिला। ईश्वर से मृतात्माओं को सद्गति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि सूचना है कि तीन घंटे तक बचाव दल नहीं पहुंचा। शासन, प्रशासन बचाव कार्य सुनिश्चित करें और पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दें।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बेमेतरा में एक बारूद फैक्टरी में विस्फोट होने की जानकारी मिली है मैं प्रशासन के लोगों से लगातार संपर्क में हूं। प्रशासन की पूरी टीम घटनास्थल पर मौजूद है। दमकल की गाड़ियों को भी बुलाया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

घटना प्रातः की है, बारूद फैक्टरी के एक हॉल में करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ है।यही सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ब्लास्ट से पूरा हॉल तहस- नहस हो गया है। मौके पर शरीर के टुकड़े पड़े हैं। मलबा हटाने का काम शुरू किया गया है। कई मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है। जो लोग घायल है, वे बारूद फैक्टरी परिसर में काम कर रहे थे। ब्लॉस्ट के बाद घायल हुए है।

**बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच :**

देने की आदेश भी दे दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए रायपुर लाया जा रहा है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी की जा रही है। ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 2006 तक हुए भू-अधिग्रहण....**

का अधिकार अधिनियम, 2013' की धारा 24(2) के संदर्भ में अधिग्रहण की कार्यवाही को समाप्त घोषित कर दिया था।

हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सैकड़ों अपील दायर की गई थीं। पीठ ने शुक्रवार को अपलोड किए गए अपने 113 पेज के फैसले में कहा, ऐसी सभी दीवानी अपीलों को तदनुसार अनुमति दी जाती है और प्रत्येक मामले में हाई कोर्ट के फैसले को रद किया जाता है, 1894 के संबंधित अधिनियम के तहत प्रतिवादियों की भूमि के अधिग्रहण को बरकरार रखा जाता है। पीठ ने उन दलीलों को स्वीकार कर लिया कि हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध सरकारी अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं को अगर विलंब से दायर करने के आधार पर खारिज कर दिया गया तो जनहित बाधित होगा।

**परियोजनाओं को पूरा करना निर्बाध रूप से जारी रखें**

पीठ ने कहा कि उसका फैसला 1894 के कानून के तहत भूमि मालिकों को ब्याज व अन्य वैधानिक लाभों सहित मुआवजा राशि की वसूली से नहीं रोकेगा। साथ ही कहा, एनसीटी दिल्ली की सरकार और उसके अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे इस श्रेणी (सूची-ई.2) के अंतर्गत आने वाली भूमि का भौतिक कब्जा लें, अगर पहले नहीं लिया है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करना निर्बाध रूप से जारी रखें।

**कुछ मामलों में कब्जा नहीं लिया जा सका**

सूची ई-2 उन मामलों से संबंधित है जहां मुआवजा राजकोष या संदर्भ न्यायालय में जमा किया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ मामलों में मुआवजा राशि राजकोष में जमा कर दी गई क्योंकि भूस्वामी इसे प्राप्त करने नहीं आए। इसी प्रकार कुछ मामलों में कब्जा नहीं लिया जा सका क्योंकि प्रभावित भूस्वामियों ने अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती दी थी और अपने पक्ष में स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। पीठ ने उन मामलों में जहां भूस्वामियों के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप थे, दिल्ली हाई कोर्ट को इन रिट याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए एक अलग पीठ गठित करने का निर्देश दिया।

**दावेदार का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच आवश्यक**

पीठ ने कहा कि इन मामलों में सही मालिकाना हक धारक और मुआवजा प्राप्त करने के दावेदार का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच आवश्यक है। तथ्यों को छिपाने के सवाल पर निर्णय लेने के बाद हाई कोर्ट इन मामलों में हमारे आदेशों के संदर्भ में गुण-दोष के आधार पर मामलों का निपटारा करेगा।ऐसे मामलों में जहां सरकारी संस्थाएं न केवल अधिगृहीत भूमि पर कब्जा करने में विफल रहीं, बल्कि कोई मुआवजा भी नहीं दिया, पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार को 2013 के अधिनियम के तहत नए अधिग्रहण के लिए सभी शर्तों को पूरा करना आवश्यक है।

**छठे चरण में मतदान 59 प्रतिशत से अधिक.....**

पश्चिम बंगाल में आदिवासी बहुल झारग्राम इलाके में मतदाताओं के दो गुटों में झड़प हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि मतदान केन्द्र पर मौजूद केन्द्रीय बलों ने उपद्रवियों को खदेड़ा।

ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के मतदान में 42 सीटों पर शाम पांच बजे तक 60.07 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य विधानसभा चुनाव के लिये आज 10 जिलों में मतदान कराया गया। देवगढ़ जिले में सबसे अधिक 67.00 प्रतिशत और कटक जिले में सबसे कम 53.14 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अंगुल में 65.19, ढेंकनाल में 58.69, क्योंझर में 62.59, खुर्दा में 54.35, मयूरभंज में 61.38, नयागढ़ में 61.08, पुरी में 61.96 और संभलपुर में 70.98 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही लोकसभा की 543 में 486 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। सातवें और अंतिम चरण में एक जून को आठ राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों की 57 सीटों पर मतदान कराया जायेगा। मतों की गणना चार जून को करायी जायेगी।

छठे चरण में चुनाव लड़ रहे कुछ प्रमुख प्रत्याशियों में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भाजपा प्रवक्ता संवित पात्रा, भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी गायक एवं भाजपा उम्मीदवार निरहुआ, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज हो गया है। छठे चरण में 58 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 11.13 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे, जिनको 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 889 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय करने का अधिकार था। इन मतदाताओं में 5.84 करोड़ पुरुष तथा 5.29 करोड़ महिला और 5120 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात सीटों पर 162 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। दिल्ली में चुनाव लड़ रहे प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा की बांसुरी स्वराज, कांग्रेस के कन्हैया कुमार, भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, पूर्व मंत्री एवं आप नेता सोमनाथ भारती शामिल हैं।

आयोग ने इस चरण के चुनाव को सुचारु और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये 184 पर्यवेक्षकों (66 सामान्य पर्यवेक्षक, 35 पुलिस पर्यवेक्षक, 83 व्यय पर्यवेक्षक) की तैनाती कर रखी थी। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किये थे। कुल 257 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 927 अंतरराज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग, नकदी और मुफ्त वस्तुओं को लाने और ले जाने पर कड़ी निगरानी रख रही थीं। इसके अलावा समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गयी। छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 162, हरियाणा की 10 सीटों पर 223, बिहार की आठ सीटों पर 86, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों के लिये 79, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात सीटों पर 162, ओडिशा की छह सीटों पर 64, झारखंड की चार सीटों पर 93 और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमायी।आम चुनाव के पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93, चौथे में 96 और पांचवें चरण के 49 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये।

# उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत जगह, यादगार बन जाएगी ट्रिप



उत्तराखंड भारत के सबसे खूबसूरत पहाड़ी राज्यों में से एक है, जहां हर साल हजारों पर्यटक अपनी छुट्टियां मनाने आते हैं. यदि आप उत्तराखंड जा रहे हैं, तो कुछ ऐसी जगहें हैं जो आपको जरूर देखनी चाहिए।



**रिषिकेश :** योग की राजधानी के नाम से प्रसिद्ध, रिषिकेश में आप राफ्टिंग, ट्रेकिंग, और योग का आनंद ले सकते हैं. यहां की गंगा नदी और आश्रम आपको अध्यात्मिक शांति देता हैं.

**नैनीताल :** नैनीताल अपनी खूबसूरत झील और चारों ओर फैले हरे-भरे पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है. यहां की नैनी झील बोटिंग के लिए बेहतरीन जगह है और यहां



की सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी.

**मसूरी :** पहाड़ों की रानी कहलाने वाली मसूरी अपनी हरियाली और हिमालय की चोटियों के दृश्यों के लिए जानी जाती है. कैमल बैक रोड और गन हिल यहां के सबसे सुंदर जगहों में से एक हैं.

**औली :** यदि आप स्कीइंग के शौकीन हैं, तो औली आपके लिए स्वर्ग है.



सर्दियों में यहां की बर्फीली ढलानें स्कीइंग के लिए सबसे अच्छी जगह हैं.

**चोपता :** अक्सर 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' कहा जाता है, चोपता ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए एक सुदर जगह है. यहां से टुंगनाथ मंदिर और चंद्रशिला पीक का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है.

## मई-जून में पहाड़ों पर बर्फ के नजारे का आनंद लेना है, तो इन जगहों पर जरूर घूमनें जाएं



गर्मी के मौसम में जब चारों ओर गर्मी का प्रकोप होता है, तो हर किसी का मन करता है कि काश कहीं ठंडी और बर्फीली जगह पर जा सकें. ऐसे में बहुत से लोग पहाड़ों का रुख करते हैं जहां गर्मी से राहत मिल सके. पहाड़ों पर इस समय थोड़ी भीड़ होती है क्योंकि सभी गर्मी से बचने के लिए वहां जाते हैं. मई और जून के महीने में, जब नीचे के इलाकों में तापमान बढ़ जाता है, पहाड़ों पर कई जगहों पर बर्फ देखने को मिल जाती है. आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे जहां आप गर्मी में भी ठंडे मौसम और बर्फ का मजा ले सकते हैं. अगर आप इस गर्मी में कहीं घूमने की सोच रहे हैं, तो ये जगहें आपके लिए परफेक्ट हो सकती हैं. रोहतांग रोहतांग पास, हिमाचल प्रदेश रोहतांग पास मनाली से कुछ ही दूरी पर स्थित है और यहां आपको बर्फ के नजारे देखने को मिलेंगे. यहां की ठंड ऐसी है कि आपको गर्म कपड़े पहनने पड़ेंगे. यह जगह कई फिल्मों की शूटिंग का भी



स्थल रही है. स्पीति घाटी, हिमाचल प्रदेश स्पीति घाटी में जाकर आप बर्फ के साथ ही पुराने बौद्ध मठ और खूबसूरत दृश्य भी देख सकते हैं. यह जगह बहुत ऊंचाई पर है, जिसकी वजह से यहां की हवा ठंडी रहती है. इस ठंडी हवा से गर्मी के मौसम में भी आपको ठंडक का अहसास होता है. यहां का मौसम और प्राकृतिक सौंदर्य देखने लायक होता है. अगर आप गर्मी से राहत पाना चाहते हैं और कुछ शांत और सुंदर जगह देखना चाहते हैं, तो स्पीति घाटी आपके लिए बेहतरीन ऑप्शन है. लेह लद्दाख लेह लद्दाख में गर्मियों का मौसम बहुत ही खास होता है. यहां की पहाड़ियां बर्फ से ढकी रहती हैं और मौसम इतना ठंडा और सुहावना होता है कि आप बिना किसी परेशानी के घंटों बाहर टहल सकते हैं. यहां की ठंडी हवाएं और खूबसूरत नजारे आपको गर्मी की गर्मी से बचाते हैं और आपको ताजगी का अहसास दिलाते हैं. लेह लद्दाख घूमने के लिए गर्मियों में एक बेहतरीन जगह है, जहां आप प्रकृति की गोद में शांति और खुशी का अनुभव कर सकते हैं.



## सावन में और भी बढ़ जाती है वृंदावन के इन कृष्ण मंदिरों की खूबसूरती


सावन के महीने में वैसे भी वृंदावन के मंदिरों की रौनक बढ़ जाती है. वृंदावन जाकर अक्सर लोग प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर घूमने जाते हैं. इन दोनों मंदिरों में दर्शन के अलावा भी वृंदावन में दूसरे मंदिर घूमने जा सकते हैं. वृंदावन को उत्तर प्रदेश के सबसे पवित्र शहरों में गिना जाता है. इस शहर में न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों से भी लोग घूमने आते हैं. वृंदावन में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का स्थान माना जाता है. इस वजह से भी ये जगह लोगों के बीच काफी पॉपुलर है. यहां आपको राधा-कृष्ण के कई सारे खूबसूरत मंदिर देखने को मिल जाएंगे. सावन के महीने में वैसे भी वृंदावन के मंदिरों की रौनक बढ़ जाती है. वृंदावन जाकर अक्सर लोग प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर घूमने जाते हैं. लेकिन अगर आप भी यहां घूमने के प्लान कर रहे हैं तो इन दोनों मंदिरों के दर्शन के दूसरे मंदिरों में भी जाएं. आइए जानते हैं इन मंदिरों के बारे मेंज इस्कॉन मंदिर वृंदावन का इस्कॉन मंदिर भी बेहद फेमस है. इस मंदिर को कृष्ण बलराम मंदिर के नाम से भी जाना जाता है. यहां होने वाली आरती और भगवद् गीता की कक्षाओं से दिव्य मंदिर में आने वाले लोगों का मन मंत्रमुग्ध हो जाता है. इस्कॉन मंदिर रोजाना सुबह 4.30 पर खुल जाता है और दोपहर 1 बजे बंद होती होता है. वहीं, शाम को ये मंदिर 4.30 बजे खुलकर 8.30 बजे बंद हो जाता है. राधा रमण मंदिर ये मंदिर वृंदावन रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर दूरी पर राधा रमण मंदिर स्थित है. ये मंदिर रोजाना सुबह 8 बजे से दोपहर के 12:30 बजे तक खुलता है. वहीं शाम 6 बजे से रात के 8 बजे तक खुलता है. निधिवन मंदिर निधिवन मंदिर भारत के सबसे रहस्यमयी मंदिरों में से एक है. यहां शाम की आरती के बाद लोग और पुजारी चले जाते हैं. ऐसा माना जाता है कि यहां रोजाना रात को श्रीकृष्ण अपनी गोपियों के साथ रास लीला करने आते हैं. श्री रंगनाथ मंदिर वृंदावन को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है. यहां का श्री रंगनाथ मंदिर सबसे बड़ा है. ये भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी को समर्पित है. श्री रंगनाथ मंदिर इस खूबसूरत शहर में बेहद प्रसिद्ध है. आपको बता दें कि वृंदावन जाने के लिए आप बस या रेल से मथुरा तक का सफर करके यहां पहुंच सकते हैं. यहां आपको ठहरने के लिए भी तमाम लॉज या होटल भी मिल जाएंगे.



## मानसून में जन्नत से कम नहीं हैं ये जगहें, ताजा हो जाएंगी हनीमून की यादें...



बारिश के मौसम में अगर आप भी अपने पार्टनर का साथ एक बार फिर से रोमांस को जगाना चाहते हैं तो हम आपको भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जो जन्नत से कम नहीं हैं. आप यहां जाकर अपने हनीमून की यादों को ताजा कर सकते हैं.



**वायनाड :** न्यूली वेड कपल के लिए वायनाड की हसीन वादियों में एक दूसरे को जानना यादगार हो सकता है. यहां की नेचुरल ब्यूटी और हल्की-हल्की बारिश आपके हनीमून को यादगार बना सकती है. यहां चारों तरफ फैली हरियाली आपके खोए हुए प्यार को जगाने के लिए काफी है.

**गोवा :** पार्टीज और बारिश की फुहारों के साथ मानसून में गोवा बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन है. वैसे गोवा ऑल टाइम फेवरेट हनीमून डेस्टिनेशन हैं, लेकिन बारिश में यहां की खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं.

**महाबलेश्वर :** बारिश के मौसम में घूमने के लिए महाबलेश्वर बेहतरीन जगह है. मानसून में हनीमून के लिए इससे खूबसूरत जगह आपको नहीं मिलेगी. यहां के हरियाली और झरने आपको यहां से जाने नहीं देंगे.

**कुर्ग :** रोमांस के लिए कर्नाटक के कुर्ग से लुभावनी जगह शायद ही कोई हो. चारों तरफ हरियाली और बहते झरनों के बीच भीगना आपके प्यार की फीलिंग को और बढ़ा देंगे. इस छोटे से शहर में खूबसूरती के कई खजाने छिपे हैं.



# मेडिकल कालेज से काम छोड़ कर भाग रहे डॉक्टर

### अब तक 18 डाक्टरों ने छोड़ा काम

राजनांदगांव(दावा)। शहर का जिला चिकित्सालय साफ-सुथराई व नए ढंग से जीर्णोद्धार होने के चलते किसी एयरपोर्ट लांउज से कम नजर नहीं आ रहा। इसी तरह शहर से 5 कि.मी. दूर पेंड्री के पास बने मेडिकल कालेज हास्पिटल, आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसके बाद भी इन जगहों पर डाक्टर टिक नहीं पा रहे।

बता दे कि मेडिकल कालेज हस्पिटल यहां के लोकप्रिय विधायक एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की देन है। इसी तरह जिला चिकित्सालय को सुविधायुक्त बनाना भी उनके खाते में जाता है। इसके बाद भी क्या कारण है कि डॉक्टर साब के इस क्षेत्र में सरकारी डॉक्टर टिक नहीं पा रहे। मेडिकल कालेज के डॉक्टर तो इस्तीफा दे कर काम छोड़-छोड़ कर जा रहे है। एक तो जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डाक्टरों व स्टाफ की कमी का वैसे ही रोना है वही दूसरी ओर मेडिकल कालेज-हास्पिटल पेंड्री से अब तक 18 डाक्टर काम छोड़ कर जा चुके है। दिक्कत की बात यह कि इसके पूर्व के संरकार के समय राजनांदगांव के साथ सौतेला व्यवहार का रोना रोकर दोनों अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी स्टाफ की कमी सुविधाओं की कमी को मसोस लिया गया। अब जब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पार्टी वाली भाजपा की सरकार बैठी हुई है तब तो उनके क्षेत्र में उनकी देन मेडिकल कालेज हास्पिटल की स्थिति सुधरनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। इस हास्पिटल में जुड़ो का हड़ताल से लेकर नर्सों का हड़ताल जब-तब होते रहता है। स्टाफ भरने की मांग होते रहती है। नर्सों को कई-कई शिफ्टो में डयूटी लेने व उन पर काम कर बोझ डालने की बात समय-समय पर उजागर होते रहती है। जिले के इस बड़े हास्पिटल में उक्त कमियां पूरी क्यों नहीं की जा रही है। यह चिंतनीय विषय बना हुआ है।




- मेडिकल कालेज हास्पिटल में कम वेतन और काम का बोझ प्रमुख कारण
- डाक्टरों के छोड़ने से पीजी की कक्षाएं हो रही प्रभावित

### डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

बता दे कि मेडिकल कालेज अस्पताल में अबतक 18 डाक्टरों ने इस्तीफा दिया है। वही सालभर में करीब 12 डाक्टर काम छोड़ कर चले गए है। इनमें से सर्जरी विभाग के डॉ. रूपनारायण साहू, डॉ. वसुधा चतुर्विज, डॉ. विमल, गायनिक विभाग से डॉ. मिताली तुलाबी ने इस्तीफा दिया है। वही दो जूनियर रेसिडेन्ट एकता ठाकुर एवं मनीषा चन्द्राकर लम्बे समय से एजुकेशन अवकाश पर है। इसी तरह मेडिसिन आकाश चन्द्राकर ने इस्तीफा दिया है वही डॉ. लक्की नेताम, राघवेन्द्र वर्मा ने एजुकेशन अवकाश लिया है। टीवी विभाग के डॉ. ऋतुराज ने इस्तीफा दिया है। इसी तरह ईमनटी के एचओडी डॉ. अनुज गुप्ता एवं उनसे पहले डॉ. आर.एस. गौर ने इस्तीफा दिया है। इस क्रम में विगत दिनों एक मात्र नेत्र सर्जन डॉ. सौम्या डुलानी, डॉ. राजेश डुलानी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू ने इस्तीफा दिया है। यहां के रेडियो लाजिस्ट सिदार दम्पत्ति डॉ. चन्द्रशेखर एवं विद्यासिदार डॉ. नरेश वाधवानी ने नौकरी छोड़ दी है। इसी तरह तकरीबन 8 डाक्टरों ने आगे की पढ़ाई करने एजुकेशन लीव लिया जा रहा है। ऐसे में यहां फिर बचता कौन है?

### डॉक्टरों की छोड़ने की वजह

बताया जाता है कि मेडिकल कालेज हास्पिटल से डाक्टरों के काम छोड़ने की वजह देश व प्रदेश के अन्य मेडिकल कालेजों के मुकाबले यहा कम वेतन और काम का बोझ है। कुछ डाक्टरों ने निजी कारणों व आगे की पढ़ाई करने के लिए नौकरी छोड़ी है वही ज्यादातर डाक्टरों ने शहर के अलावा अन्य शहर के मेडिकल कालेज एवं निजी अस्पतालों में ज्यादा पैकेज लेकर नौकरी ज्वाईन की है। ऐसे हालात में सेटअप के अनुसार 170 डाक्टरों के मुकाबले मात्र 90 डाक्टरों से काम लिया जा रहा है। जो कि पर्याप्त नहीं जान पड़ता।

### पीजी की कक्षाएं प्रभावित

पेंड्री मेडिकल कालेज हास्पिटल से डॉक्टरों को छोड़-छोड़ कर जाने से चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित तो हो ही रही है। पीजी की कक्षाएं भी प्रभावित हो रही है। इएनटी में एक भी डाक्टर नहीं होने के कारण उपचार के साथ-सांथ कक्षाओं का संचालन नहीं हो पा रहा है। इससे मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में निराशा नजर आने लगी है। मेडिकल अस्पताल की डीन डॉ. रेणुका गहने का कहना है कि शासन को लगातार पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। इसी तरह अधीक्षक डॉ. प्रदीप बैक भी शासन से तत्सम्बंधित पत्रव्यवहार किए जाने की बात कही जाती है। जानकारों का कहना है कि मेडिकल कालेज हास्पिटल के यदि ऐसे ही हालात रहे तो इसकी मान्यता खतरे में पड़ सकती है।

दूर-दूर से यहां इलाज करवाने आने वाले मरीजों को योग्य डाक्टरों की सुविधा नहीं मिलने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है। डाक्टरों के नहीं होने से मरीजों को दुर्ग-भिलाई या ज्यादातर रायपुर रिफर करने पड़ते है। इससे जिले की बदनामी हो रही है। एक डाक्टर ही इन परिस्थितियों को समझ सकता है। यदि क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह इस दिशा में ध्यान दे तो उनकी अमूल्य देन मेडिकल कालेज की दशा व दिशा दोनों सुधर सकती है।

# बिना सुरक्षा खंभे पर चढ़ा था कर्मचारी, करंट से हुई मौत



खैरागढ़ (दावा)। शहर में बारिश के पूर्व विद्युत विभाग के द्वारा लाइन मरम्मत और ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य जारी है। शहर के अलग-अलग वार्डों में यह कार्य चल रहा है। इसी दौरान जिले में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां विद्युत विभाग के ही एक कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। पूरा मामला खैरागढ़ शहर का है, यहां विद्युत विभाग आज ट्रांसफ़ॉर्मर बदलने और लाइन मरम्मत का काम कर रहा था। इसी के चलते 26 वर्षीय संतोष मंडावी न्यायालय के सामने खंभे पर चढ़कर लाइन मरम्मत का कार्य कर रहा था। लेकिन विभाग ने ना तो खंभे का विद्युत प्रवाह रोका था और ना ही किसी भी प्रकार के सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था। इसकी वजह से खंभे पर चढ़े संतोष मंडावी को करंट लगा और वह खंभे से निचे गिर गया, वही आसपास के लोगों ने तुरंत संतोष मंडावी को सिविल अस्पताल खैरागढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो विद्युत विभाग के सभी आला अधिकारी संतोष की मौत के वक्त मौके पर मौजूद थे, लेकिन सभी अधिकारियों के सामने ही बिना किसी सुरक्षा और पॉवर सप्लाई बंद किए ही संतोष बिजली के खंभे पर चढ़ा था। ऐसे में विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पूरे मामले में जवाबदार अधिकारी मीडिया से बचते दिखाई दे रहे हैं। मृतक संतोष मंडावी ग्राम सिवनी का रहने वाला था। संतोष की मौत के बाद से ही सिवनी में शोक का माहौल है। फिलहाल घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे शहीद उदय मुदलियार - भागवत साहू

स्व. मुदलियार के पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान






राजनांदगांव (दावा)। शहीद स्व. उदय मुदलियार एवं स्व. अल्लानुर भिंडसरा के 11वें पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के साथ पोस्ट ऑफिस चौक पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि स्व. उदय मुदलियार कांग्रेस के एक सच्चे सिपाही थे। हमेशा प्रदेश और कांग्रेस के खुशहाली के लिए जीवन समर्पित कर दिया। अपनी जान की परवाह न करते हुए उन्होंने कांग्रेस के लिए बस्तर संभाग में काम करते रहे, उनका असमय जाना कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी क्षति है। आज उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

इस अवसर पर युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि शहीद स्व. उदय मुदलियार हमेशा कांग्रेस की नीतियां एवं उनके सिद्धांतों के साथ-साथ पूरे प्रदेश की खुशहाली के लिए कार्यरत रहे, हमेशा वे कांग्रेस के विचारधारा को लेकर काम करते रहे। स्व. मुदलियार हमेशा संघर्षशील रहकर हमेशा कांग्रेसजनों को नई दिशा-निर्देश देते रहे। उनकी विचारधारा आज भी कांग्रेसियों के मन में जीवित है। जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार ने राजनांदगांव के विकास को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कार्य करते रहे। कांग्रेस पार्टी के निर्देश के पालन करते हुए बस्तर जैसे नक्सल क्षेत्र के प्रभारी बनने का निर्णय लिया और प्रदेश कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ला, बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा के साथ भाजपा सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई। 25 मई को झीरम घाटी में कांग्रेस के काफिले पर नक्सली नरसंहार हुआ, जिसमें कांग्रेस नेतृत्व को समाप्त करने की साजिश उजागर हुई, उस हमले में हमनें शीर्ष नेताओं के साथ राजनांदगांव के लाडले नेता उदय मुदलियार, कांग्रेस के कर्मठ सिपाही अल्लानुर भिंडसार को खोया है, उनकी शहादत को हम शत-शत नमन करते है, और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते है।

इस अवसर पर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चेतन भानुशाली एवं राजिक सोलंकी के नेतृत्व में स्थानीय बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय में रक्तदान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, उनके पुण्यतिथि पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष पर रक्तदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी, पंकज बांधव, गोपी चंद गायकवाड़, अशोक पंजवानी, महेन्द्र यादव, अजय मारकंडे, घनश्याम देवांगन, उमर ठाकुर, हेमशंकर, रेखलाल, चुम्मन निषाद, गंभीर, नितिन बतरा, शाहिद रजा, अमित कुशवाहा, राकेश चंद्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला बॉक्सिंग संघ के नरेश डाकलिया बने अध्यक्ष





राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनो राजनांदगांव जिला एमोचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से नरेश डाकलिया 'पूर्व महापौर' को अध्यक्ष बनाया गया तथा सी.एम. ठाकुर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्लेयर को सचिव एवं हॉकी खिलाड़ी ज्ञानचंद जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के संरक्षकगण-पदमश्री डॉ. पुखराज बाफना, बहादुर अली, सुशील कोठारी, जितेन्द्र मिश्रा, संस्था की अन्य समिति निम्नानुसार गठित की गई। उपाध्यक्ष- प्रवीण मेश्राम, सहसचिव नरेश रामटेके, कार्यकारिणी सदस्य -धनराज सोनी, भारत भूषण पांडे, वीरेन्द्र झा, नरेन्द्र यादव (गोलू) नीतिन शर्मा, दीपक सोनी, टामेश्वर बंजारे है।

श्री डाकलिया ने संघ की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि अल्प समय में संघ के खिलाड़ी रोहन ठाकुर ने यूथ राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पटना में भाग लिया। कु. दीपा चन्द्रवंशी एवं गौरव राव ने विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया एवं शास. उच्च. माध्य. शाला सोमनी से बच्चों को जूनियर नेशनल में भाग लिये हिमांशु बघेल, लक्की, हेमंत। श्री डाकलिया ने बताया कि बॉक्सिंग खेल के प्रति रूझान बढ़ाने के लिये भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन मैच राजनांदगांव में कराया जायेगा।

# डॉ. रमन सिंह आज शहर में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का आज 26 मई को शहर आगमन हो रहा है, इस दौरान वे अनेक स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह कल दोपहर 11.30 बजे खनिज नगर मौलश्री विहार रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1.00 बजे ग्राम सोमनी स्थित होटल ब्लीस पहुंचकर वहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। फिर वे दोपहर 2.15 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड आयेंगे तथा शाम 5.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास से रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# रसोई में लगा महंगाई का तड़का, सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

राजनांदगांव(दावा)। लोकल बाड़ियों से सब्जियों की आवक अचानक कम होने से सब्जियों में फिर महंगाई की मार पड़ रही है। दो दिनों में टमाटर की कीमत दोगुनी हो गई है। 15 रुपए किलो में बिकने वाला टमाटर बुधवार को 30 से 40 रुपए किलो में बिका। वहीं अन्य सब्जियों के दाम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लगातार बढ़ रही सब्जियों की कीमत से रसोई में महंगाई का तड़का लग रहा है। महंगाई की मार से अब सब्जियों का स्वाद भी बिगड़ने लगा है। सब्जियों की बढ़ती कीमतों से रसोई का बजट गड़बड़ा रहा है। हालत यह है कि मौसमी सब्जियां भी लोगों की जेब खाली कर रही हैं। सब्जी विक्रेता ने बताया कि वर्तमान में लोकल से सब्जियों का आवक कम हो गई है। अधिकांश सब्जियां दूसरे राज्य महाराष्ट्र, गुजरात व मध्यप्रदेश से आ रही है। लोकल में सब्जियों आवक बहुत कम हो गई है। टमाटर गुजरात व मध्य प्रदेश से आ रही है। इसकी वजह से अचानक दाम में बढ़ोतरी हुई है।






# 11 साल बाद भी नहीं भरे झीरम नरसंहार के घाव, न्यायिक जांच की रिपोर्ट नहीं आई सामने, कागजों में सिमटी सच्चाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 25 मई 2013 को हुए झीरम घाटी नक्सल कांड की जांच रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं हो पाई है। यह घटना प्रदेश के लिए एक अंतहीन दर्द की तरह है। इस नरसंहार के 11 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन अब भी झीरम के जख्म हरे हैं। आंसुओं और दर्द में आज भी झीरम के पीड़ित डूबे हैं। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। दूसरी ओर, इस घटना पर राजनीति लगातार जारी है। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने का दावा किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार झीरम कांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। शर्मा ने कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी इस मामले को लेकर तंज कसते हुए कहा कि सबूत उनकी जेब में हैं, वे निकाल नहीं रहे हैं। उसे निकलवाना पड़ेगा।

भाजपा के कटाक्ष पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज करते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ सरकार की एसआईटी झीरम मामले की जांच कर सकती है, एनआईए फाइल वापस करें। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने तक राज्य में सरकार बदल गयी थी। बता दें कि इस नक्सली हमले में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, कांग्रेस के दिग्गज नेता महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, उदय मुदलियार, अन्य कांग्रेस नेता व सुरक्षा कर्मी सहित 32 लोग मारे गए थे।

### 2021 में सौंपी गई थी राज्यपाल को रिपोर्ट

झीरम घाटी हमले की जांच कर रहे न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने छह अक्टूबर 2021 में तात्कालिक राज्यपाल अनुसुईया उइके को 4,184 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी। यह रिपोर्ट 10 खंडों में विभाजित थी। झीरम आयोग के सचिव एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) संतोष कुमार तिवारी ने राज्यपाल को यह रिपोर्ट दी थी।

कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आयोग की रिपोर्ट को अधूरी बताते हुए इसे मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद न्यायिक जांच आयोग में पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश अग्निहोत्री को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साथ में न्यायमूर्ति जी.मिन्हाजुद्दीन को आयोग का सदस्य बनाया गया। सरकार ने तीन नए बिंदुओं को जोड़ते हुए आयोग को छह महीने में जांच पूरी कर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिया।

कांग्रेस सरकार बनने के बाद झीरम कांड में मारे गए राजनांदगांव के कांग्रेस नेता उदय मुदलियार के बेटे जितेंद्र मुदलियार ने झीरम थाने में रिपोर्ट पर दर्ज कराई थी, जिस पर जांच के लिए भूपेश सरकार ने एसआईटी (विशेष जांच एजेंसी) का गठन किया था। इससे पहले एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) ने छह साल की जांच के बाद 39 नक्सलियों के खिलाफ दो चार्जशीट पेश की और नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज कर दी थी।

### नार्को टेस्ट की उठी थी मांग

झीरम कांड की 10वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और झीरम हत्याकांड में बलिदान हुए महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा ने अपने ही सरकार के मंत्री कवासी लखमा, अमित जोगी, डा. रमन सिंह, बस्तर के तात्कालिक आइजी मुकेश गुप्ता, तोंगपाल और दरभा थाना के तात्कालिक थाना प्रभारियों के नार्को टेस्ट की मांग की थी।

### झीरम हिंसा की जांच करेइ राज्य सरकार : उमेश पटेल

पीसीसी के तात्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के पुत्र व पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि हमने जांच के लिए एसआइटी गठित की थी। इस मामले में एनआइए कोर्ट गया और कहा कि जांच पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार जांच नहीं कर सकती है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जांच राज्य सरकार को करना है। पीड़ित परिवार के पक्ष में कोर्ट का फैसला आते तक चुनाव संपन्न हो चुके थे और प्रदेश में भाजपा की सरकार आ चुकी थी। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस सरकार में जो न्यायिक जांच आयोग गठित हुई थी। हम उसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात कह रहे हैं।

# उजाड़ हो रहा ऑक्सीजोन फिर से होगा आबाद



- पिकनिक स्पॉट के रूप में शीघ्र ही विकसित होगा ऑक्सीजोन
- मोंगरा जलाशय का पानी पहुंचने से शिवनाथ एनीकट लबालब

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भंवरमरा, सन टू ह्यूमन फाऊंडेशन, शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति आदि संगठनों के मांग पर प्रशासन शीघ्र ही ऑक्सीजोन के नव निर्माण का काम करने जा रहा है। आज जिला प्रशासन की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह आज सुबह अपनी पूरी टीम के साथ ऑक्सीजन के औचक निरीक्षण में पहुंची। इस अवसर पर ग्राम सरपंच के साथ ही सन टू ह्यूमन तथा शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से ऑक्सीजोन के पुनर्वास के लिए विभिन्न प्रस्ताव रखे। जिस पर सुश्री सिंह ने जानकारी दी की शीघ्र ही ऑक्सीजोन का कायाकल्प किया जाएगा तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का निर्माण तथा खंडहर हो रहे निर्माण कार्य की मरम्मत की जाएगी।

समिति के सदस्यों को जिला अधिकारी ने जानकारी दी की किचन शेड, योग भवन, वॉशरूम, सुचारू पार्किंग व्यवस्था, कचरा प्रबंधन के लिए डस्टबिन, लोगों के विश्राम के लिए कॉटेज आकर्षक बेंच तथा हट का भी निर्माण किया जाएगा तथा तट पर सुंदर पगोडा निर्माण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के खेलकूद के लिए ओपन जिम तथा झूला की भी स्थापना की जाएगी। यात्री सुविधा के लिए पेयजल हेतु बोर खनन तथा शौचालय का निर्माण किया जाएगा। पूरे ऑक्सीजोन क्षेत्र को प्रकाशित करने के लिए इलेक्ट्रिक की व्यवस्था की जाएगी। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन ने शहरवासियों से अपील की है कि अपनी नजदीकी छुट्टियां बिताने के लिए ऑक्सीजोन परिवार सहित अवश्य पहुंचे और सुकून देने वाले भरपूर प्राकृतिक वातावरण को इंजॉय करें। संगठन के सदस्यों ने प्रशासन का ध्यान अवैध निर्माण तथा अवैध रेत उत्खनन की ओर भी कराया तथा कांटे गए वृक्षों के स्थान पर वृक्षारोपण की मांग की। इस अवसर पर सरपंच ग्राम भंवरमारा श्रीमती प्रेमलता साहू, ग्राम प्रमुख धर्मेंद्र साहू, दिलीप साहू, तिलक सिन्हा, गणेश कश्यप, मनीष गुप्ता, सन टू ह्यूमन के साधकगण डॉ. नरेंद्र नाहटा, विकास अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, नंदू जैन, अनिल जैन, संदीप सोनी, जवाहर सिन्हा, योगी राम साहू तथा शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डीसी जैन, हरजीत सिंह भाटिया, राकेश ठाकुर, अमलेंदु हाजरा, शैलेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर वायरल खबर पर लिया गया संज्ञान

**आबकारी उपनिरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी**

राजनांदगांव (दावा)। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन को सोशल मीडिया पर वायरल खबर पर संज्ञान लेते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उन्होंने वरिष्ठ सहायक जिला आबकारी अधिकारी को एस सप्ताह के भीतर वायरल खबर के सत्यापन की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जांच के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन का प्रभार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के द्वारा संपादित किया जाएगा।

# शहर में लगे होर्डिंग की गुणवत्ता और मजबूती की कभी नहीं हुई जांच



बालोद (दावा)। बालोद जिला मुख्यालय में दिनों दिन होर्डिंग की संख्या बढ़ रही है। बड़े-बड़े भवनों में होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के ऊंचे भवनों में लगाए गए होर्डिंग की गुणवत्ता व मजबूती की जांच नहीं की गई है, जो लोगों के लिए खतरा साबित हो सकते हैं।

बालोद जिला मुख्यालय में दिनों दिन होर्डिंग की संख्या बढ़ रही है। बड़े-बड़े भवनों में होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के ऊंचे भवनों में लगाए गए होर्डिंग की गुणवत्ता व मजबूती की जांच नहीं की गई है, जो लोगों के लिए खतरा साबित हो सकते हैं। जिले में जो होर्डिंग कमजोर है, उसे हटाने की जरूरत है। बीते दिनों मुंबई में तूफान में होर्डिंग गिर गया था। हादसे में लगभग 18 लोगों की मौत हो चुकी थी।

### नगर पालिका के अधीन है होर्डिंग

शहर में होर्डिंग लगाने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। पालिका के बिना अनुमति होर्डिंग भी नहीं लगा सकते। लेकिन यहां कुछ ऐसे भी होर्डिंग हैं, जो बिना अनुमति के लगाए गए हैं।

### कई बार होर्डिंग फटकर विद्युत तार में फंस चुका

जिला मुख्यालय में ही कई बार लगाए गए होर्डिंग फ्लेक्स फटकर विद्युत तार में भी फंस चुके हैं। मुंबई हादसे से सबक लेते हुए होर्डिंगों की मजबूती की जांच होना जरूरी है।

### मुख्य मार्ग में हजारों लोगों की आवाजाही, सुरक्षा जरूरी

जिला मुख्यालय के गंजपारा से लेकर दल्ली मार्ग तक कई होर्डिंग हैं, जिसकी दोबारा जांच नहीं हुई है। यही हाल झलमला का भी है। यह मार्ग नेशनल हाइवे होने से हजारों लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इस वजह से उनकी सुरक्षा जरूरी है। नगर पालिका बालोद के सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि शहर के होर्डिंग की स्थिति क्या है, इसकी जानकारी ली जाएगी। फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com